# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


- उपराष्ट्रपति ने कहा- छत्तीसगढ़ के 36 सम्मान, इन्हें देखकर मुझे ऊर्जा मिली है
- सबकी भागीदारी से विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प होगा पूरा: साय




राज्योत्सव के समापन पर अलंकरण समारोह में दिया गया सम्मान

## धनखड़ ने कहा- छग देश के लिए मिसाल, विकास के नए कीर्तिमान बन रहे, उम्मीद है, यह जारी रहेगा

*हरिभूमि न्यूज/रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव के समापन तथा राज्य अलंकरण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, विकसित भारत के निर्माण के लिए सबकी भागीदारी की जरूरत है। इसमें छत्तीसगढ़ का योगदान बढ़ चढ़कर होगा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ देश के लिए एक मिसाल, यहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास के नये कीर्तिमान बन रहे हैं। उन्होंने इस मौके पर राज्य अलंकरण* शेष पेज 4 पर

### राज्य के स्वर्णिम भविष्य की ओर आगे बढ़ने की यात्रा शुरूः साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अलंकृत हो रही सम्मानित विभूतियों को बधाई देते हुए कहा, आज अलंकृत हो रही विभूतियों में नारायणपुर के बुटलू राम माथरा भी हैं। उनकी शेष पेज 4 पर

## छत्तीसगढ़ के 36 अलंकरण से विभूतियां एवं संस्थाएं उप राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के राज्य अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ के 36 अलंकरण से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 37 विभूतियों एवं 4 संस्थाओं को सम्मानित किया। राज्यपाल रमेन डेका ने समारोह की अध्यक्षता की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहे।

- शहीद वीरनारायण सिंह स्मृति पुरस्कार- बुटलू राम माथरा
- यति यतनलाल पुरस्कारः मनोहर गौशाला
- गुंडाधुर सम्मानः छोटी मेहरा
- मिनीमाता सम्मानः सतनामी महिला जागृति समिति
- गुरु घासीदास सम्मानः राजेंद्र रंगीला
- ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कारः शशिकांत द्विवेदी
- महाराजा प्रवीरचंद शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### एयरपोर्ट्स पर सिख कर्मी नहीं पहन सकेंगे कृपाण

**नई दिल्ली।** भारत के एयरपोर्ट्स पर सिख कर्मचारी कृपाण नहीं पहन सकेंगे। इसको लेकर द ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन ने ऑर्डर जारी किए थे। बीसीएएस ने अपने आदेश में कहा कि एयरपोर्ट्स पर कार्यरत सिख कर्मचारियों को सुरक्षा के मद्देनजर कृपाण नहीं पहन सकेंगे। एक दिन पहले ही सभी एयरपोर्ट्स के कर्मचारियों को यह गाइडलाइन मिली।

### गडकरी को यूट्यूब का मिला गोल्डन बटन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब का गोल्डन बटन दिया गया है। उनके यूट्यूब पर 10 लाख सब्सक्राइबर हो गए हैं। नितिन गडकरी ने 2021 में अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया था, जिस पर अभी तक लगभग 4,200 वीडियो पोस्ट किए गए हैं।



पिछले राष्ट्रपति चुनाव में शिकस्त के बाद ट्रंप ने की जोरदार वापसी, कमला कड़ी टक्कर के बाद हारीं

# कमला 'ना-पसंद', फिर चला ट्रंप कार्ड बड़ी जीत के साथ व्हाइट हाउस में एंट्री



| 50 राज्य | |
|---|---|
| सीटें- | 538 |
| बहुमत- | 270 |

| | |
|---|---|
| ट्रंप ↑ | 277 |
| हैरिस ↓ | 224 |

*अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने बहुमत हासिल कर लिया। डोनाल्ड ट्रंप ने 277 इलेक्टोरल सीटें जीत ली हैं, जबकि कमला हैरिस 226 पर जीती हैं। राष्ट्रपति बनने 270 इलेक्टोरल सीटें जीतना जरूरी है। जीत के बाद ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका एक बार फिर से महान बनने जा रहा है। ट्रंप की जीत पर दुनियाभर के नेताओं ने बधाई दी है। पीएम मोदी ने जीत के बाद सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, बधाई हो मेरे दोस्त।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ वाशिंगटन

रिपब्लिकन पार्टी ने मंगलवार देर रात अमेरिकी सीनेट में बहुमत हासिल कर लिया। पार्टी ने अपनी सीटों पर जीत के क्रम को दोहराते हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के कब्जे वाली कई सीटों पर जीत हासिल कर चार साल में पहली बार सीनेट में अपना दबदबा बढ़ा लिया। नेब्रास्का में रिपब्लिकन पार्टी की अप्रत्याशित जीत ने उसे शीर्ष पर पहुंचा दिया। डोनाल्ड जे. ट्रंप चार साल पहले जो बाइडन से राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद काफी मायूस और खिन्न थे तथा इसके कुछ हफ्तों बाद उनके समर्थकों की एक हिंसक भीड़ ने जब यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर धावा बोला था तो इसे रिपब्लिकन नेता के राजनीतिक करियर का अंत माना जाने लगा था। शेष पेज 4 पर




### बनाया तीन रिकॉर्ड

- वह पहले अमेरिकी राष्ट्रपति होंगे जो कानूनी अभियोग के तहत पद पर बने रहेंगे
- ट्रंप अमेरिकी इतिहास में एकमात्र राष्ट्रपति बन जाएंगे जिनके खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान दो बार महाभियोग की कार्यवाही शुरू की गई
- डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के इतिहास में दूसरे ऐसे राष्ट्रपति होंगे जिन्हें एक चुनाव हारने के बाद फिर चुना गया

### क्यों हारी हैरिस

डेमाक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस के सामने एंटी इनकंबेंसी फैक्टर्स चुनौती बन गया था। चूंकि कमला उपराष्ट्रपति थीं, ऐसे में उन्हें एंटी इनकंबेंसी का खामियाजा भुगतना पड़ा है। अगर ओवरऑल नतीजों का देखा जाए तो 50 प्रतिशत डोनाल्ड ट्रंप और 49.2 प्रतिशत वोट कमला के पक्ष में गए।

## भारत में ऐसा असर

### आईटी कंपनियों के शेयरों का धमाल

*अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बीच आईटी और फार्मा शेयरों में भारी लिवाली से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 901 अंक चढ़कर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 24,484.05 अंक पर बंद हुआ।*

### पीएम मोदी बोले-वैश्विक शांति के लिए करेंगे काम

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने और उनकी 'ऐतिहासिक' जीत पर बुधवार को उन्हें बधाई दी। उन्होंने वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को उनकी ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई।*

### ट्रंप ने किया 'स्वर्णिम युग' लाने का वादा

*अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जीत के करीब पहुंचते हुए चुनाव में मिल रहे जनादेश को 'अभूतपूर्व और शक्तिशाली' करार दिया। उन्होंने अमेरिका के लिए 'स्वर्णिम युग' लाने का वादा किया।*





FURNITURE & STORWEL DEALER: Raipur: Godrej Interio Store Pandri - 9713604660, Chagorabhata - Ring Road-1 - 9009960909, Bhilai: 9826183452, Bilaspur: 9165550055. Jagdalpur: 9993786617. Bhatapara: 8770260500. Korba: 8224890024. Rajnandgaon: 9981666830. MATTRESS DISTRIBUTOR: Durg: 7440248000.
KITCHEN DEALER: Raipur: Nalghar Chowk - 9165550055 Bhilai: Supela - 9165550055, Bilaspur: Vyapar Vihar - 9165550055 Jagdalpur: 9993786617 For Home Dealership enquiry, contact - 8051557766 For Kitchen Dealership enquiry, contact - 9674689967


छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट
आप सभी सूर्य उपासको का हार्दिक अभिनंदन करती है।
जय छठी माई
जय दीनानाथ
पंजीयन नं. 122201967026
भारत माता की जय
छत्तीसगढ़ महतारी की जय
भारत माता की जय
छत्तीसगढ़ महतारी की जय
संरक्षक रविन्द्र सिंह
संरक्षक परमानंद सिंह
संरक्षक सुखवीर सिंह राघव
संरक्षक आर.पी. सिंह
संरक्षक संजय श्रीवास्तव
संरक्षक रामकुमार रजावत
संरक्षक अमित सिंह
संरक्षक आर एन सिन्हा
संरक्षक अजीत सिंह
संरक्षक शशि सिंह
संरक्षक मुक्तिनाथ पाण्डेय
संरक्षक रामविलास सिंह
संरक्षक बबलू सिंह
रंजीत गुप्ता
गौरीशंकर गुप्ता
अजय सिंह
जोगिन्दर सिंह
सुनिल सिंह
सत्येन्द्र सिंह गौतम
सीएस सिंह
संजीव सिंह
शिवशंकर सिंह
ओमप्रकाश सिंह
रमेश सिंह
अजय शर्मा
रवींद्र शर्मा
मुकुल सिंह श्रीवास्तव
संतोष सिंह
रंधीर सिंह
जेपी सिंह
नानू ठाकुर
बिरेश्वर सिंह
विकास मिश्रा
राजीव चौधरी
सरोज सिंह
सुमन सिंह
आरके सिंह
सुर्या वर्मा
विवेक परमार
परमवीर सिंह
सोहन यादव
शिवनारायण साहू
मनोज सिंह
संजय सिंह
संजय सिंह
अमरजीत सिंह
पं. रंजीत मिश्रा
रवि सिंह
शंभु सिंह
अमित सिंह
राजीव पांडे
गौरव सिंह
आदित्य सिंह
अमन सिंह
अंकित गौतम
संजय सिंह
पंकज चौधरी
राजेश सिंह कोटा
रोहित सिंह तीरंगा
सांस्कृतिक कार्यक्रम
कल्पना पटवारी अंतर्राष्ट्रीय लोक गायिका मुंबई
दुकालू यादव प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायक
गायत्री यादव प्रसिद्ध लोक गायिका लखनऊ
अमित रघुवंशी प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायक
प्रणिता राव पटनायक प्रसिद्ध गायिका मुंबई
सोनाली तरुण चोपड़ा एवं टीम (प्रयागराज) अंतर्राष्ट्रीय नृत्य नाटिका एवं झांकी
पूजा कार्यक्रम
संध्या अर्घ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 7 नवम्बर संध्या 4 बजे से
महाआरती 7 नवंबर संध्या 7 बजे, गुरुवार
प्रात: अर्ध्य सूर्योदय समय 8 नवंबर शुक्रवार
पारण एवं महाभंडारा 8 नवंबर प्रात: अर्ध्य उपरान्त 6 बजे से (शुद्ध घी से निर्मीत)
समन्वयक सत्य प्रकाश सिंह
छठ घाट प्रभारी वेद नारायण सिंह
सह-प्रचार प्रसार सचिव राकेश कुमार सिंह
अनिल सिंह
जयन्त सिंह
राजेश कुमार सिंह
संस्थापक अध्यक्ष एवं आयोजन प्रमुख
उपाध्यक्ष - आयोजन उपप्रमुख कन्हैया सिंह
उपाध्यक्ष - आयोजन उपप्रमुख संतोष सिंह
प्रचार-प्रसार सचिव ब्रजेश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष सुनिल कुमार सिंह
Khanna
आयोजन स्थल : महादेवघाट खारुन नदी तट, रायपुर

रायपुर
गुरुवार, 7 नवंबर 2024
कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी
वर्ष : 23, अंक : 111
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 32.2
न्यून. 20.2


haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

03 'रामायण' का पहला पोस्टर रिलीज



खेल
9 रियल मैड्रिड और सिटी की...

# परीक्षा हुई 2024 में, लेकिन परिणाम 2023 में! फिर रविवि ने खुद ही कहा-अभी माफ किया, दोबारा ना हो ऐसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर


शिक्षा के क्षेत्र में अजीबो-गरीब रिकॉर्ड बनाने में पं.रविशंकर शुक्ल विवि प्रदेश में सबसे आगे है। इस बार रविवि ने ऐसा कारनामा किया है कि जिसे सुनकर आप खुद भी अपना सिर पकड़ लेंगे। रविवि ने परीक्षा तो 2024 में आयोजित की, लेकिन छात्रों के परिणाम 2023 के टेबुलेशन रजिस्टर में दर्ज करने का फरमान सुना दिया। इसके बार रविवि ने विद्यापरिषद की बैठक में खुद ही टिप्पणी करते हुए कहा कि दोबारा इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। मामला एमए इंग्लिश की प्राइवेट परीक्षाओं का है। एमए इंग्लिश के चार विद्यार्थियों के लिए रविवि ने यह अभूतपूर्व आदेश जारी किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इनमें से दो विद्यार्थी दुर्गा महाविद्यालय के हैं तथा दो छात्र रविवि अध्ययनशाला के हैं। आश्चर्य की बात यह है कि रविवि ने पूरे मामले में ना तो किसी पर कार्रवाई और ना ही आदेश का आधार ढूंढना ही जरूरी समझा।

### इसे ऐसे समझें

2022 तक एमए इंग्लिश की प्राइवेट परीक्षा दिलाने वाले छात्रों को चार विषयों की परीक्षाएं दिलानी होती थी। 2023 में इसमें बदलाव किया गया। विषयों की संख्या बढ़ाकर 4 की जगह 5 कर दी गई। जिन चार विद्यार्थियों के परिणाम अपवाद मानकर जारी करने का फैसला किया गया है, उन विद्यार्थियों ने सिर्फ 4 विषयों की ही परीक्षाएं एमए इंग्लिश प्रथम वर्ष में दिलाई। इन विद्यार्थियों का कहना था कि उन्हें इस बात का ज्ञान नहीं था कि विषय संख्या 4 ना होकर 5 है। इसके बाद भी ये ⏭ शेष पेज 4 पर

## रविवि ने अपने ही नियम तोड़कर दी छूट, फिर खुद ही पुनरावृत्ति ना होने के लिए चेताया

- मामला एमए इंग्लिश की प्राइवेट परीक्षाओं का, अपवाद मानकर जारी किए गए 4 छात्रों के परिणाम



### वर्तमान सत्र से बदल गए हैं नियम

अब तक प्राइवेट परीक्षाओं के लिए पृथक नियम लागू थे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति आने के बाद से इसमें बदलाव हुए हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र से निजी विद्यार्थियों के लिए भी निर्धारित दिनों की कक्षाओं में उपस्थित होना अनिवार्य कर दिया गया है। इसमें विद्यार्थियों को संबंधित विषयों के साथ ही प्रश्नपत्र के पैटर्न और कई अन्य तरह की जानकारी दी जाएगी। निजी छात्रों ⏭ शेष पेज 4 पर

# पैसों की कमी से नहीं रुकेगी होनहार छात्रों की पढ़ाई, मिलेगा 10 लाख तक का लोन

*केंद्र सरकार ने पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का मकसद है कि मेधावी छात्रों की पढ़ाई में अड़चन न आए। योजना का लाभ एजुकेशन लोन में मिलेगा। हायर एजुकेशन के लिए 7.5 लाख रुपए तक के लोन पर भारत सरकार 75फीसदी क्रेडिट गारंटी देगी। 8 लाख रुपए सालाना आय वाले परिवार के बच्चों को 10 लाख रुपए तक के लोन पर 3% ब्याज अनुदान भी दिया जाएगा।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को बुधवार को मंजूरी दे दी, ताकि वित्तीय बाधाएं उन्हें गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोक सकें। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों (क्यूएचईआई) में दाखिला लेने वाला कोई भी विद्यार्थी पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन शुल्क और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करने ⏭ शेष पेज 4 पर

## पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

- बिना गारंटर बैंकों और वित्तीय संस्थानों से मिलेगा ऋण
- हर साल 22 लाख से अधिक छात्रों को होगा फायदा





### पीएम मोदी बोले- पढ़ाई में पैसा बाधा न बने

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कहा गया- इस योजना का उद्देश्य मेधावी छात्रों को सहायता प्रदान करना है, ताकि उनकी पढ़ाई में पैसा बाधा न बने। पीएम विद्यालक्ष्मी योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का ही विस्तार है।

### किसे मिलेगा फायदा

*ऐसे छात्र, जिनकी सालाना आय 8 लाख रुपए से कम है। वे किसी अन्य सरकारी छात्रवृत्ति या ब्याज छूट योजनाओं के तहत लाभ के पात्र नहीं हैं। उन्हें 10 लाख रुपए तक के ऋण पर अधिस्थगन अवधि के दौरान 3 प्रतिशत की ब्याज छूट भी प्रदान की जाएगी।*

### कहां करेंगे आवेदन

*उच्च शिक्षा विभाग का एक एकीकृत पोर्टल 'पीएम-विद्यालक्ष्मी' होगा। इस पर विद्यार्थी सभी बैंकों द्वारा उपयोग की जाने वाली सरलीकृत आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से शिक्षा ऋण के साथ-साथ ब्याज छूट के लिए आवेदन कर सकेंगे। ब्याज छूट का भुगतान ई-वाउचर और सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) वॉलेट के माध्यम से किया जाएगा।*

शिक्षा मंत्री बोले

### लाखों छात्र होंगे सशक्त


केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि यह योजना गरीब और मध्यम वर्ग के लाखों छात्रों को सशक्त बनाएगी। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत के प्रतिभाशाली युवाओं के लिए 21वीं सदी की उच्च शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना प्रधानमंत्री की गारंटी है।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# एलएमवी लाइसेंस से चला सकेंगे टाटा 407 जैसे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लाइट मोटर व्हीकल या एलएमवी का आपके पास लाइसेंस है तो आप बड़े मजे से टाटा 407 या इसके जैसे ट्रक चला सकते हैं। ऐसा करेंगे तो आपको न तो कोई पुलिस वाला रोकेगा और ना ही कोई ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट का कर्मचारी या अधिकारी। इस बात की व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट ने दी है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को स्पष्ट किया कि हल्के मोटर वाहन ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाले व्यक्ति को 7,500 किलो या 7.5 टन तक के ट्रक चलाने की भी अनुमति है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा सुनाया गया ⏭ शेष पेज 4 पर



### क्यों दायर हुआ था मामला

यह मामला एलएमवी लाइसेंस वाले व्यक्तियों द्वारा चलाए जा रहे ट्रांसपोर्ट व्हीकल से जुड़ी दुर्घटनाओं के बाद बीमा दावों से संबंधित विवादों से उत्पन्न हुआ था। बीमा कंपनियां दावों के भुगतान को चुनौती दे रही थीं। उनका तर्क था कि ड्राइवरों को ट्रांसपोर्ट व्हीकल चलाने के लिए कानूनी रूप से अधिकृत नहीं किया ⏭ शेष पेज 4 पर

### अब बीमा कंपनियों को होगी आसानी

*इस फैसले के मद्देनजर, बीमा कंपनियों को अब एलएमवी लाइसेंस धारकों द्वारा चलाए जा रहे परिवहन वाहनों से जुड़े दावों को संभालने के दौरान अपने दृष्टिकोण को समायोजित करना होगा, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट का फैसला यह सुनिश्चित करता है कि ऐसे ड्राइवरों को कानूनी रूप से 7.5 टन तक के वाहन चलाने की अनुमति है।*

## खबर संक्षेप

### इंजीनियरिंग सेवा प्रारंभिक परीक्षा आठ जून को



**नई दिल्ली।** विभिन्न केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के चयन के लिए इंजीनियरिंग सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा - 2025 आठ जून को आयोजित की जाएगी। संघ लोक सेवा आयोग ने योजना में बदलाव के बाद उम्मीदवारों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय देने के लिए परीक्षा स्थगित कर दी थी।

### रातों रात बुलडोजर से नहीं गिरा सकते मकान



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 2019 में अवैध तरीके से ढांचों को गिराने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से नाखुशी जताई। सड़कें चौड़ी करने और अतिक्रमण हटाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश जारी किए।

### वायुसेना के हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग



**जयपुर।** भारतीय वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर को मेड़ता के पास एक खेत में आपात स्थिति में उतरना पड़ा। इसमें किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। वायुसेना के रूद्र हेलीकॉप्टर को बुधवार दोपहर जसनगर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक खेत में उतराना पड़ा।

### कुपवाड़ा में मुठभेड़ एक आतंकी ढेर



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें एक आतंकी मारा गया। आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने कुपवाडा जिले में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया।

### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, दो की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी जिले में गोप के समीप मंगलवार रात एक कार के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

# लोहे का पाइप लेकर जा रहे ट्रक में मिली 20 लाख की अफीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- पुलिस ने पाराघाट टोल प्लाजा में पकड़ा

एसीसीयू टीम व मस्तूरी पुलिस ने पाराघाट टोल प्लाजा में घेराबंदी कर लोहे का पाइप लेकर झारखंड से महाराष्ट्र जा रहे ट्रक को रोक लिया। जांच करने पर ट्रक के अंदर थैले में 2 किलो अफीम मिला, इसकी कीमत 20 लाख रुपए बताई जा रही ⏭ शेष पेज 4 पर



### पूर्व में भी कई बार लेकर गया है अफीम

कड़ाई से पूछताछ करने पर ड्राइवर ने रांची व भुसावल के अफीम सप्लायरों की जानकारी देते हुए कहा वह ट्रक में सामान के साथ ⏭ शेष पेज 4 पर

### वाहन मालिक ने दिया था अफीम

एएसपी अनुज कुमार ने बताया, आरोपी ड्राइवर 4 नवंबर को गुमला झारखंड से ट्रक में लोहे का पाइप लोड कर सूरज गुजरात जाने के लिए निकला था। रास्ते में रांची गुमला रोड के पास ट्रक मालिक ने उसे अफीम की थैला थमाकर महाराष्ट्र भुसावल में छोड़ने के लिए कहा था। पुलिस ट्रक मालिक सहित रांची व भूसावल ⏭ शेष पेज 4 पर

# बाइक को बचाने आटो से भिड़ा ट्रक, 10 की मौत

## यूपी में बड़ा हादसा

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में बुधवार को एक ट्रक और आटो रिक्शा की भीषण टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है, ट्रक ने बाइक को बचाने के चक्कर में ऑटो को टक्कर मार दी। एसपी नीरज जादौन ने बताया कि आज सुबह हरदोई के बिलग्राम थाना क्षेत्र में बिलग्राम-माधवगंज मार्ग पर रोशनपुर गांव के पास एक मोड़ पर एक ट्रक ने आटो रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी।

### इनकी हो गई मौत

मृतकों की पहचान माधुरी (25), सुनीता (28), सत्यम कुशवाह (12), आशी (16), राधा (21), गौकरण (11), नीलम (30) व विमलेश (20) के रूप में हुई है, जबकि दो मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# सीबीएसई ने खत्म की 21 'डमी' स्कूलों की मान्यता

## छह स्कूलों का घटाया दर्जा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 'डमी' विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ले ली। छह स्कूलों का उच्चतर माध्यमिक का दर्जा घटाकर माध्यमिक कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सितंबर में राजस्थान और दिल्ली के विद्यालयों में किए गए औचक निरीक्षण के बाद उठाया गया है, जिसमें कई खामियां पाई गई थीं।

### पहले जांच फिर एक्शन

अधिकारियों ने बताया कि विद्यालयों द्वारा प्रस्तुत जवाबों की बोर्ड द्वारा विस्तार से जांच की गई। निरीक्षण निष्कर्षों और वीडियोग्राफी साक्ष्यों के आधार पर, 21 विद्यालयों की संबद्धता रद्द कर दी गई।

रेड नेप्ड आइबिस पक्षी का आगमन



जैसे ठंड बढ़ती जाएगी बस्तर की ओर रुख करेंगे मेहमान पक्षियां

# टाइगर रिजर्व व दलपत सागर आइबिस के कलरव से गूंज उठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

शीत ऋतु के आगमन के साथ ही विदेशी मेहमान रेड नेप्ड आइबिस का आना छत्तीसगढ़ में शुरू हो चुका है। इस समय इन्द्रावती टाइगर रिजर्व ⏭ शेष पेज 4 पर



### पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण

इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक सुदीप बलगा ने बताया कि ऐसे पक्षियों के हर साल आगमन को जानकार एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय घटना मानते हैं। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से इसे महत्वपूर्ण माना जाता ⏭ शेष पेज 4 पर

### पेड़ पर घोसला बनाता है ये पक्षी

रेड नेप्ड आइबिस बहुंत तेज आवाज करता है। यह अपना घोसला बड़े पेड़ के ऊपर बनाता है। वल्चर कंजर्वेशन एसोसिएट ने कहा कि अल्प समय के लिए ही सही, लेकिन इन विदेशी मेहमानों की सुरक्षा हमारा कर्तव्य है। हम सब को मिलकर इनके संरक्षण के ⏭ शेष पेज 4 पर



## चिंतन

# अनुच्छेद 370 की वापसी से क्या दिखाना चाहते हैं उमर अब्दुल्ला

जिसका डर था वही हुआ। जम्मू-कश्मीर की नई नेशनल कांफ्रेंस सरकार ने विधानसभा में राज्य के स्पेशल स्टेटस अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल करने का प्रस्ताव पास कर दिया। जिस पर विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। पीडीपी, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और सीपीआई (एम) के सदस्यों ने भी ध्वनिमत के दौरान प्रस्ताव का समर्थन कर दिया। प्रस्ताव पारित होने के बाद सत्तारूढ़ एनसी ने कहा कि उसने अपने घोषणापत्र के वादों में से एक को पूरा किया है। हालांकि भाजपा विधायकों ने इसका विरोध किया और प्रस्ताव की कॉपियां फाड़ दीं। विधायक वेल में जाकर नारेबाजी करते रहे। असल में 5 अगस्त 2019 से ही नेशनल कांफ्रेंस समेत अनेक राजनीति दल धारा 370 को हटाए जाने का विरोध कर रहे थे। जबकि सरकार का कहना था कि अनुच्छेद 370 कश्मीर में विकास और सुरक्षा के रास्ते में बाधक बन रहा था। कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए यह फैसला लेना जरूरी था। सरकार की मानें तो अनुच्छेद 370 के कारण कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद बढ़ रहा था और राज्य के लोगों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने में मुश्किलें आ रही थी। यह 370 का ही प्रभाव था कि बाकी राज्यों से अलग जम्मू-कश्मीर के लिए संसद को रक्षा, विदेश मामले और संचार के विषय में कानून बनाने का अधिकार था, लेकिन किसी अन्य विषय से सम्बन्धित क़ानून को लागू करवाने के लिए केन्द्र को राज्य सरकार का अनुमोदन चाहिए होता था। वहीं यहां संविधान की धारा 356 लागू नहीं होती। इस कारण राष्ट्रपति के पास इस राज्य को लेकर कोई अधिकार नहीं रह गया था। संविधान की धारा 360 जिसके अन्तर्गत देश में वित्तीय आपातकाल लगाने का प्रावधान है, वह भी जम्मू-कश्मीर पर लागू नहीं होता था। इस विशेष अधिकार के चलते ही देश के अन्य राज्य का कोई नागरिक जम्मू-कश्मीर में जमीन नहीं खरीद सकता था। सरकार को लगता था कि ऐसा होने के कारण देश का यह उतरी राज्य विकास की गति में पिछड़ रहा है। इसके अलावा आतंकवाद की जड़ में भी यही विशेष अधिकार है। रोजगार के साधन न बढ़ पाने के कारण प्रदेश के युवा देश विरोधी तत्वों के बहकावे में आ रहे हैं। इन्हीं कारणों के चलते 5 अगस्त 2019 को संसद ने धारा 370 और ए 35 को खत्म करने का प्रस्ताव पास किया। इसके बाद सरकार के इस फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने भी अपनी मुहर लगा दी। सरकार के इस फैसले का असर भी हुआ। अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद कश्मीर पहले से काफी बदल चुका है। कश्मीर में अब अमन-शांति है। सेना पर पत्थरबाजी की घटना इतिहास के पन्नों में दफन हो गई है। बाहरी लोगों के लिए जम्मू-कश्मीर में जमीन खरीदना आसान हो गया है। इससे राज्य में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। वहीं अनुच्छेद 370 के समर्थकों का कहना है कि यह कश्मीर की स्वायत्तता की रक्षा करता था और राज्य के विशेष दर्जे को बनाए रखने में मदद करता था। अनुच्छेद 370 के हटने से केंद्र सरकार का हस्तक्षेप बढ़ गया है। इसे नेशनल कांफ्रेंस ने चुनावी मुद्दा बनाया और सफलता मिलने के बाद विधानसभा में प्रस्ताव भी पास कर दिया। प्रश्न यह उठता है कि क्या सत्ता पाने के लिए किसी राज्य को देश से अलग करने वाले अनुच्छेद को वापस लाना जरूरी है। वैसे तो केंद्र की सहमति के बिना ऐसा हो पाना संभव नहीं है फिर भी उमर अब्दुल्ला सरकार ने एक बार फिर दफन हो चुके अलगाव के बीज को कुरेद तो दिया ही है। राजनीतिक दलों को ऐसे वादों से दूर रहना चाहिए जो देश की अखंडता के लिए खतरा हों।

## कूटनीति

डॉ. एन.के. सोमानी



# ट्रंप के सामने अर्थव्यवस्था सुधारने की होगी चुनौती

सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे प्राचीन लोकतंत्र अर्थात संयुक्त राज्य अमेरिका की बागडोर अब रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप के हाथ में होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के 131 साल के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी पूर्व राष्ट्रपति ने एक बार चुनाव हारने के बाद फिर से सत्ता में वापसी की है। इससे पहले 1893 में ग्रोवर क्लीव्लैंड ऐसे पूर्व राष्ट्रपति थे जिन्हें दोबारा राष्ट्रपति निर्वाचित होने से पहले चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। ट्रंप को जानने वालों का कहना है कि ट्रंप जीतने के लिए ही मैदान में उतरे थे और अतंतः वे जीते भी। राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के रूप में जब वे चुनाव मैदान में उतरे थे तो बहुत कम लोगों को यह अनुमान था कि वे बाइडन की पार्टी को सत्ता से रुखसत करने में सफल हो सकेंगे। अर्थव्यवस्था में सुधार का वादा, आव्रजन नीति, यूक्रेन युद्ध, इजरायल संघर्ष, ट्रेडवॉर आदि मुद्दों ने ट्रंप के लिए बढ़त का काम किया। अर्थव्यवस्था और आव्रजन के मुद्दे पर 'स्विंग स्टेटस' के मतदाताओं ने ट्रंप पर भरोसा जताया और खुलकर उनके पक्ष में वोट दिए। हालांकि, कमला ने गर्भपात अधिकार और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बड़ा वादा किया था। अमेरिकी लोकतंत्र का भविष्य भी इस दफा चुनाव में बड़ा मुद्दा बनकर उभरा। सर्वेक्षण में आधे से ज्यादा मतदाताओं का मानना था कि ट्रंप अमेरिकी लोकतंत्र के लिए खतरा हो सकते हैं। लेकिन तमाम धारणाओं के बावजूद ट्रंप दूसरी दफा व्हाइट पहुंचने में सफल रहे। चुनाव में धर्म की एंट्री भी हुई। ट्रंप ने बडी चतुराई से बांग्लादेश का मुद्दा उठाकार भारतीय वोटरों को साधने की कोशिश की। हिन्दू हितों वाला उनका बयान काफी असरकार सिद्ध हुआ। चुनाव में ट्रंप का यह सबसे बड़ा सियासी दांव साबित हुआ। हालांकि, कमला ने भी भारतीय मूल के लोगों को लुभाने के लिए अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अप्रवासियों के लिए आसान नीतियां बनाने, भारतीय कामगारों और विद्यार्थियों के लिए अमरीकी दरवाजे खोलने व वीजा नियमों को आसान बनाने का वादा किया। सवाल यह है कि ट्रंप के सत्ता में आने के बाद दुनिया के प्रति अमेरिका का नजरिया क्या रहेगा। जिस बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की बात दुनिया के अलग-अलग कोनों में की जा रही है, क्या उसके स्वरूप में कोई बदलाव आएगा। कहीं ऐसा तो नहीं कि डोनाल्ड ट्रंप पूर्ववर्ती रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों द्वारा स्थापित परंपरा पर ही आगे बढ़ते हुए दिखें। सवाल भारत को लेकर भी है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ट्रंप की बेहतर कैमिस्ट्री है। वह अक्सर मोदी के साथ अपनी मित्रता की चर्चा करते हैं। उन्होंने चुनाव के दौरान भी भारत-अमेरिकी संबंधों को और मजबूत करने की बात कही है। पर ध्यान रहे कि अमेरिका दुनिया की महाशक्ति है। वह हमेशा अपने राष्ट्रहितों को ध्यान में रखता है। ऐसे में भारत को किसी मुगालते में नहीं रहना चाहिए। हिंद प्रशांत और उसके बाहर चीन के सैन्य और आर्थिक विस्तार को रोकना अमेरिका का घोषित लक्ष्य है। ट्रंप भारत को तभी तक महत्व देंगे, जब तक उन्हें लगता है कि एशिया में चीन को काउंटर करने के लिए भारत एक 'बड़ी जरूरत' साबित हो सकता है। इसलिए जब तक चीन के साथ अमेरिकी प्रतिस्पर्धा रहेगी, तब तक ट्रंप ही नहीं कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के साथ संबंध कमजोर करने का जोखिम नहीं उठाएगा, लेकिन ट्रंप की व्यापार संतुलन व आव्रजन की नीति भारत को परेशान कर सकती है। अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए ट्रंप ऐसी व्यापार नीतियों को लागू करना चाहेंगे जो साफतौर पर अमेरिका केंद्रित होगी। वे भारत पर व्यापार बाधाओं को कम करने और टैरिफ का सामना करने का दबाव डाल सकते हैं। ऐसे में भारत का आईटी, फार्मास्यूटिकल्स और टेक्सटाइल क्षेत्र का निर्यात बड़े स्तर पर प्रभावित हो सकता है। आयात शुल्क के मामले में वह भारत को दोहन करने वाला राष्ट्र बता चुके हैं। 2023-24 में भारत ने अमेरिका से 42.2 बिलियन डॉलर की वस्तुओं का आयात किया था। वहीं, भारत ने अमेरिका में तकरीबन 77.52 बिलियन डॉलर का निर्यात किया है। इसको लेकर ट्रंप ने कहा था कि अगर उनकी सरकार आती है तो इस स्थिति को बदलेंगे और भारत पर टैरिफ शुल्क कम करने को लेकर दबाव बनाएंगे। ट्रंप के पिछले कार्यकाल में भी व्यापार और करों को लेकर भारत-अमेरिकी संबंधों में टकराव की स्थिति बनी थी। सच तो यह है कि आज भारत-अमेरिकी रिश्ते जिस मुकाम पर हैं, वहां राष्ट्राध्यक्षों की व्यक्तिगत पसंद या नापसंद कोई मायने नहीं रखती है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप के लिए भी भारत-अमेरिकी संबंधों को नकारना आसान नहीं होगा।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अमेरिकी चुनाव

विकेश कुमार बडोला


# एक सदी में पुनर्निर्वाचित प्रथम व्यक्ति ट्रंप

वामपंथ के आधिपत्य वाले अधिसंख्य मीडिया संस्थानों द्वारा ट्रंप को पहली बढ़त मिलने तक भी उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस के पक्ष में विजयी हवा उड़ाई जा रही थी। किंतु अंततः ट्रंप ही विजेता सिद्ध हुए। उन्होंने अपने विजयी संबोधन में ही युद्ध बंद कराने, अमेरिका में घुसपैठ पर रोक लगाने और मिलकर अमेरिका को आगे बढ़ाने के संकेत दे दिये हैं। उन्हें चुनाव-पूर्व के अपने प्रचार अभियानों में लोगों का अत्यधिक समर्थन प्राप्त हुआ था। अमेरिका में प्रतिनिधि सभा अर्थात हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव निम्न तथा सीनेट उच्च सदन है। इस बार प्रतिनिधि सभा के लिये 435 और सीनेट के लिये 34 सीटों पर मतदान हुआ था और इन दोनों ही सदनों में बैठने के लिए रिपब्लिकन दल को बहुमत प्राप्त हुआ है।

पांच नवंबर को 119वीं कांग्रेस के गठन के लिए अमेरिका में चुनाव संपन्न हुआ और छह नवंबर को घोषित चुनाव परिणाम में रिपब्लिकन प्रत्याशी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप विजयी हुए। अमेरिका में गत एक सदी में यह पहली बार होगा कि कोई दूसरी बार राष्ट्रपति बनने जा रहा है। यदि वैश्विक दृष्टिकोण से आकलन किया जाए तो रिपब्लिकन पार्टी का सत्तारूढ़ होना अधिक उपयोगी है। ट्रंप पर 2016 में रिपब्लिकन के राष्ट्रपति नामांकित होने से लेकर अब तक जितने भी आरोपण, दोषारोपण और अन्य लांछन लगे वे सभी विरोधियों की राजनीति से दुष्प्रेरित थे। किंतु अब वे पुनः राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनका कार्यकारी संतुलन प्रशंसनीय है। आशा है कि दोनों नेता अमेरिका-भारत के संबंधों को तो प्रगाढ़ व सुदृढ़ करेंगे ही, साथ ही विश्व में शांति की स्थापना हेतु भी एकीकृत दिशादृष्टि साधकर कार्य करेंगे।

वामपंथ के आधिपत्य वाले अधिसंख्य मीडिया संस्थानों द्वारा ट्रंप को पहली बढ़त मिलने तक भी उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस के पक्ष में विजयी हवा उड़ाई जा रही थी। किंतु अंततः ट्रंप ही विजेता सिद्ध हुए। उन्होंने अपने विजयी संबोधन में ही युद्ध बंद कराने, अमेरिका में घुसपैठ पर रोक लगाने और मिलकर अमेरिका को आगे बढ़ाने के संकेत दे दिये हैं। उन्हें चुनाव-पूर्व के अपने प्रचार अभियानों में लोगों का अत्यधिक समर्थन प्राप्त हुआ था। अमेरिका में प्रतिनिधि सभा अर्थात हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव निम्न तथा सीनेट उच्च सदन है। इस बार प्रतिनिधि सभा के लिये 435 और सीनेट के लिये 34 सीटों पर मतदान हुआ था और इन दोनों ही सदनों में बैठने के लिए रिपब्लिकन दल को बहुमत प्राप्त हुआ है। मतदान की समयावधि में ही अमेरिकी कंपनी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने अपने एक वक्तव्य द्वारा अमेरिकी लोकतंत्र और चुनाव की पारदर्शिता व उपयुक्तता के बारे में गंभीर प्रश्न खड़े कर दिये थे। उनके अनुसार, यदि रिपब्लिकन प्रत्याशी ट्रंप चुनाव में विजयी नहीं हुए तो यह अमेरिका का अंतिम चुनाव होगा। एलन मस्क साधारण व्यक्ति नहीं हैं। हताशा-निराशा से युक्त उनका यह कथन अमेरिकी लोकतांत्रिक शासन पद्धति में डेमोक्रेटिक दल की अनुचित तथा अमेरिका व विश्वविरोधी शासकीय-प्रशासकीय क्रियाकलापों की ओर ही संकेत करता है। इससे ज्ञात होता है कि डेमोक्रेट्स की दलगत नीतियां वास्तव में अमेरिकियों और अमेरिका के व्यापक हित में न होकर अपने नेताओं के अस्त्रों के व्यापार-व्यवसाय के लिए दुनिया को युद्धक्षेत्र में बदलने पर अधिक केंद्रित रही हैं। यदि ऐसा न होता तो 2020 में सत्तारूढ़ होते ही डेमोक्रेटिक नेताओं ने दुनिया के विभिन्न देशों और भूभागों को परस्पर युद्ध में लिप्त करने की कूटनीतियां न बनाई होतीं। इनका दुष्परिणाम, एक ओर रूस और यूक्रेन के मध्य तो दूसरी ओर इजरायल और फिलीस्तीन व अन्य मध्य पूर्वी मुस्लिम देशों के मध्य दो-ढाई वर्षों से निरंतर हो रहे युद्धों के रूप में सम्मुख है। इतना ही नहीं दुनिया में डीप स्टेट अर्थात गुप्त क्रूर शासकों द्वारा जो भी विद्रोहजन्य, विध्वंशजनित एवं हिंसाजन्य हस्तक्षेप किया जाता रहा है वह डेमोक्रेट्स जैसे शासकों के साथ मिलकर ही किया जाता रहा है।

डेमोक्रेटिक की विगत चार वर्षीय शासनगत गतिविधियों की तुलना यदि रिपब्लिकन के 2016-2020



के कार्यकाल से करें तो तुलनापरक अध्ययन में आश्चर्यचकित करनेवाले अंतर दिखाई देंगे। संपूर्ण विश्व में राजनीतिक, कूटनीतिक, सामरिक और व्यापारिक संतुलन बनाये रखने के विषय में ट्रंप का शासनकाल अत्यधिक उपयोगी रहा था। उन्होंने राष्ट्रपति के रूप में चार वर्षों से भी कम समयावधि में विश्व के सर्वाधिक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका की ओर से अनेक सार्थक एवं महत्त्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अराजकता व आतंकग्रस्तता के नियंत्रण में सैन्यव्यस्त अपनी सेना को वहां से वापस बुलाने का निर्णय लिया, जो अमेरिकी सैन्यकर्मियों के लिए बड़ा राहत भरा निर्णय था। उनके द्वारा उत्तर कोरियाई शासक किंग जोंग उन के नाभिकीय-आण्विक अस्त्रों के अवैध व घातक परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाने की दृष्टि से उसके साथ दो-दो शांतिवार्तायें करना अप्रत्याशित घटनायें थीं। चीन के साथ चहुंदिश पारस्परिक संबंधों के शक्तिबंधन के लिए उनका चीन की आधिकारिक यात्रा करना भी तात्कालिक वैश्विक परिदृश्य में अद्वितीय कार्य था। अमेरिका और भारत में अनेक अवसरों पर द्विपक्षीय संबंधों को सच्चे अर्थों में प्रगाढ़ करने हेतु पारंपरिक लोकतांत्रिक औपचारिकताओं से पृथक नवोत्साही व ऊर्जस्वित होकर पारस्परिक और वैश्विक विषयों पर सार्थक वार्ता करना भी ट्रंप के विशिष्ट निर्णयों में से एक था। उन्होंने उसी इजरायल और फिलीस्तीन व अन्य मध्य पूर्वी मुस्लिम देशों के मध्य शांति वार्ता करने की युक्तियां भी कीं, जो गत दो-ढाई वर्षों से पारस्परिक युद्ध में खपे हुए हैं। उन्होंने अरब क्षेत्र के ममुस्लिम देशों और मध्यपूर्वी दूसरे मुस्लिम देशों के मध्य भी शांति स्थापनार्थ अनेक नवीन नीतियों का क्रियान्वयन किया, जिसके प्रभाव में वैश्विक स्तर पर किन्हीं दो देशों के मध्य संभावित युद्ध होने की आशंकायें समाप्त होती गईं।

हालांकि, अमेरिका और विश्व में स्थित ट्रंप के विरोधियों को दुनिया की इन उपलब्धियों को स्वीकार करने में अत्यंत कष्ट हो रहा था। वास्तव में, विराधियों के भेष में अमेरिका से लेकर दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में फैले हुए ऐसे चरमपंथियों, वामपंथियों और मानवता के शत्रुओं को ट्रंप की शांति योजनायें, अशांति फैलाकर धन-संसाधन अर्जित करने के अपने-अपने अभियानों में बड़ा रोड़ा प्रतीत हो रही थीं उन्हें ट्रंप के राष्ट्रपति रहते-रहते अमेरिका के नेतृत्व में निरस्त्रीकरण की एक आचरण सम्मत पहल होती दिखने लगी थी, जो उनके अस्त्र निर्माण उद्योगों के समक्ष अप्रत्याशित चुनौती बन गई थी। आज अमेरिका सहित विश्व के लोकतांत्रिक देशों में जो भी लोकतंत्र विरोधी गतिविधियां हैं- चाहे वे आतंकवाद, अस्त्रीकरण, अलगाववाद, अवैध व्यापार, मादक पदार्थों के अवैध गुप्त धंधों, देशों की भौगोलिक सीमाओं के अनुचित अतिक्रमण के रूप में हों- सभी पर अपेक्षित कार्यकारी क्षमताओं के साथ प्रभावी प्रतिबंध लगाने में ट्रंप ने श्रेष्ठ भूमिका निभायी थी। इसीलिये वे अमेरिका सहित विश्व के बड़े-बड़े माफियाओं (डीप स्टेट्स) को बुरी तरह खटक रहे थे और अंततः अमेरिका स्थित उनके राजनीतिक विरोधियों के साथ मिलकर माफियाओं ने उन्हें 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में षड्यंत्रपूर्वक पराजित करवाने में कोई अवसर नहीं गंवाया। ट्रंप पराजित हुए और जो. बाइडेन राष्ट्रपति बन गये, जो अस्त्र निर्माताओं और उद्योगपतियों के लिए वरदान सिद्ध हुए, क्योंकि कोरोना महामारी के सिमटने के बाद इन निर्माताओं और उद्योगपतियों के अस्त्र इजरायल-फिलीस्तीन तथा रूस-यूक्रेन के उन युद्धों में काम आ रहे हैं जो षड्यंत्रपूर्वक अमेरिकी डेमोक्रेट्स ने ही नियोजित किए हैं। अमेरिका में चुनाव के प्राथमिक और जनरुचि के विषयों में अमेरिकी नागरिक होने की स्वायत्तता, राष्ट्र की स्वायत्तता की सुरक्षा, लोकतांत्रिक संस्थाओं की मूल अमेरिकियों के हितों के दृष्टिगत संरक्षा जैसे विषय सम्मिलित थे।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित

दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

# क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित

प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा ? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वदेशी को बढ़ावा देशहित में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत ज्यादा गंभीर दिखते हैं, जोकि देश के कारोबारियों के लिए भी अच्छे दिनों के लिए शुभ संकेत है। मेक इन इंडिया सरकार की बहुत अच्छी पहल है। हमारा देश कभी सोने की चिड़िया होता था, लेकिन पहले इसे मुगलों ने लूटा, फिर अंग्रेजों ने देश की धन-संपत्ति को विदेशों में ले गए। हमारे विदेशी वस्तुओं के मोह के कारण देश आर्थिक रूप से प्रभावित हुआ है, लेकिन प्रधानमंत्री हमारे देश की वस्तुओं की मांग विदेशों में बढाऩे की बात कहते हैं। इससे यह उम्मीद की किरण नजर आई कि हमारे देश में इससे विदेशी मुद्रा आएगी, जो देश की आर्थिक व्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी। देश के लिए बहुत ही सौभाग्य और गर्व की बात है कि हमारे देश के उत्पाद विदेशी मंडियों की शान बनकर विदेशियों तक पहुंच रहे हैं। *- जगदीश साहू, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मेधावी छात्रों के लिए वित्तीय सहायता सुनिश्चित करते हुए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना से 22 लाख से अधिक छात्रों को अब शीर्ष संस्थानों के लिए संपार्श्विक-मुक्त, गारंटर-मुक्त शिक्षा ऋण तक पहुंच प्राप्त होगी।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम उप्र

### गायिका शारदा को नमन



अपनी मधुर आवाज़ के लिए प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा जी के निधन की ख़बर बेहद दुःखद है। छठ के त्योहार में हर ओर गूंजते उनके गीत श्रद्धालुओं और श्रोताओं को उनकी सदा याद दिलाते रहेंगे।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### प्रगतिशील नीति



यह समय परमाणु ऊर्जा का है। हमें हर समय स्वच्छ ऊर्जा के लिए इसकी आवश्यकता है। भारत एक प्रगतिशील नीति की घोषणा कर सकता है जो निजी क्षेत्र को निवेश के लिए प्रोत्साहित करेगी।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### न्यूकमर की एक्साइटमेंट



40 साल फिल्मों में काम करने के बाद भी अगर एक्साइटमेंट एक न्यूकमर की हो तो इसका मतलब है आपके अंदर का छोटे शहर का लड़का अभी ज़िंदा है। मज़ा आ गया जुहू बीच पर अपनी आने वाली फिल्म विजय 69 का बड़ा बैनर देखकर।

-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

# लाहौर में वायु प्रदूषण से हजारों लोग बीमार पड़े



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में अत्याधिक वायु प्रदूषण के कारण हजारों लोगों को अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। डॉक्टरों ने बुधवार को यह जानकारी दी। वहीं अधिकारियों ने आगाह किया है कि अगर लोगों ने मास्क लगाने समेत अन्य निर्देशों का पालन नहीं किया तो पूर्ण लॉकडाउन लगाया जा सकता है। यह चेतावनी तब दी गई जब लोग बिना मास्क लगाए सड़कों पर घूमते नजर आए। डॉक्टरों ने कहा है कि ज्यादातर लोगों को खांसी तथा आंखों में जलन की शिकायत है। पाक मेडिकल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सलमान काज़मी ने कहा, "पिछले एक हफ्ते में श्वास संबंधी परेशानी से जूझ रहे हजारों लोगों का अस्पतालों और क्लीनिक में इलाज किया गया। उन्होंने कहा, आप लोगों को खांसते देख सकते हैं, लेकिन फिर भी वे मास्क नहीं लगाते हैं। बुधवार सुबह लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर रहा और वायु गुणवत्ता सूचकांक 1,100 के आंकड़े को पार कर गया। 300 से ज्यादा वायु गुणवत्ता सूचकांक सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है। जहरीले 'स्मोग' ने पिछले महीने से शहर को अपनी चपेट में लिया हुआ है। पंजाब प्रांत की वरिष्ठ मंत्री मरयम औरंगजेब ने शहर में पूर्ण लॉकडाउन से बचने के लिए लोगों को मास्क लगाने की सलाह दी है।

## ऑफ बीट

# आनुवांशिक जानकारी से जान सकते हैं बहुत कुछ



कई वैज्ञानिक शोध अध्ययन एक विशिष्ट शोध प्रश्न का उत्तर देने के लिए डेटा एकत्र करते हैं। उदाहरण के लिए, मधुमेह की आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ता आनुवंशिक डेटा के अलावा आपके रक्तचाप और लिपिड स्तर पर डेटा एकत्र कर सकते हैं। वैज्ञानिक बायोबैंक में रखने के लिए बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर रहे हैं - ऐसे भंडार जो आनुवंशिक डेटा और रक्त, मूत्र या ट्यूमर ऊतक जैसे अन्य जैव नमूनों को भविष्य के अध्ययनों की एक विस्तृत संख्या में उपयोग करने के लिए संग्रहीत करते हैं। कुछ बायोबैंक, जैसे यूके बायोबैंक, बायोस्पेसिमेन डेटा को अन्य एकत्रित डेटा, जैसे यौन व्यवहार, चिकित्सा इतिहास, वजन, आहार और जीवन शैली से जोड़ते हैं। वे अक्सर आश्चर्यचकित होते हैं कि जिस आनुवंशिक डेटा को उन्होंने डीएनए परीक्षण किट का उपयोग करके या अपने स्थानीय क्लिनिक का दौरा करते समय एक निजी कंपनी में अनुसंधान के लिए उपयोग करने की सहमति दी थी, उसका उपयोग समलैंगिक यौन व्यवहार या जोखिम के आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए किया जा सकता है। बायोबैंक डेटा के साथ जो शोध किया जा सकता है वह डरावना लग सकता है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## टीवी मसाला




# सारा ने खोया अपना आपा विवियन पर फेंकी चीजें...

**नई दिल्ली।** सारा अरफीन खान का हाल ही में शो में इमोशनल ब्रेकडाउन हो गया। इस दौरान वह अपना आपा खो देती हैं और सब उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं, लेकिन वह बिल्कुल संभलती नहीं हैं। बिग बॉस एक ऐसा शो है जहां हंगामे होते रहते हैं। विवियन डीसेना के टाइम गॉड बनने से कई उनके खिलाफ हैं जिसमें से एक सारा अरफीन खान भी हैं। सारा का मानना है कि विवियन अपने दोस्तों को सपोर्ट कर दूसरों के साथ भेदभाव करते हैं। अब शो का एक वीडियो सामने आया है जिसमें सारा इतनी अग्रेसिव हो जाती हैं कि वह चिल्लाने लगती हैं और विवियन पर तक चीजें फेंकती हैं। सारा का दरअसल, इमोशनल ब्रेकडाउन हो जाता है। वह काफी गुस्से में होती हैं और बेडरूम एरिया में जाकर चिल्लाने लगती हैं और बेडशीट और तकिया फेंकने लगती हैं। बाकी घरवाले खासकर शिल्पा शिरोडकर और चुम दारंग उन्हें रोकने की कोशिश भी करते हैं। लेकिन वह कंट्रोल में नहीं आ पाती हैं। इसके बाद जब उनके पति अरफान खान उन्हें समझाने आते हैं तो एक्ट्रेस कहती हैं कि मुझे घर जाना है। मुझे यहां नहीं रहना है। वह इसके बाद विवियन पर भी चीजें फेंकती दिखती हैं।

## राही पर भड़केगी अनुपमा, प्रेम पर उठाएगी हाथ

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'अनुपमा' के आने वाले एपिसोड में खूब सारा ड्रामा दिखाया जाएगा। अनुपमा, अपनी बेटी राही और सारथी प्रेम से गुस्से हो जाएगी। वह दोनों को खूब खरीखोटी सुनाएगी।



शो के आने वाले एपिसोड में अनुपमा का रौद्र रूप देखने को मिलेगा। दरअसल, दिवाली वाले दिन प्रेम अपनी जिम्मेदारी पर राही, अंश, ईशानी, परी और माही को बाहर लेकर जाता है। जब अनुपमा, प्रेम को कॉल करती है तब प्रेम, अनुपमा से झूठ बोलता है। वह अनुपमा को ये नहीं बताता है कि वह बच्चों को पब लेकर गया है। वह अनुपमा से कहता है कि वह बच्चों के साथ सत्संग में आया है। ऐसे में जब नशे की हालत में बच्चे घर लौटते हैं तब अनुपमा का पारा चढ़ जाता है। प्रोमो की शुरुआत अनुपमा से होती है। अनुपमा को बच्चों की टेंशन होने लगती है। अनुपमा कहती है, 'ये लोग सत्संग में गए थे। अभी तक कैसे नहीं आए हैं।' अनुपमा की तीसरी आंख खुल जाती है, वह प्रेम पर हाथ उठाती है, हालांकि थप्पड़ मारते मारते रुक जाती है।

# ये हैं शारदा सिन्हा के सबसे ज्यादा सुने गए गाने इनके बिना हर साल अधूरा रहता है छठ का पर्व

*नई दिल्ली। बिहार की आन-बान और शान, लोक गायिका शारदा सिन्हा ने लोगों का दशकों तक मनोरंजन किया और वह खासतौर पर छठ पर्व के गीतों के लिए मशहूर थीं। पारंपरिक किस्से कहानियों को उन्होंने गाने के अंदाज में जन-जन तक पहुंचाया। एक्ट्रेस के टॉप-5 गानों की लिस्ट बतानी हो तो बड़ा मुश्किल हो जाएगा, ऐसे में हम निकाल लाए हैं उनके वो गाने जिन्हें म्यूजिक स्ट्रीमिंग एप्लिकेशन्स पर सबसे ज्यादा बार प्ले किया गया है। म्यूजिक स्ट्रीमिंग एप्लिकेशन स्पॉटिफाई पर शारदा सिन्हा के पेज पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक हर महीने 6 लाख से ज्यादा लिसनर्स उनके गाने सुनते हैं। गौर करने की बात यह है कि यह डाटा सिर्फ स्पॉटिफाई का है, यूट्यूब, अमेजन म्यूजिक और गाना जैसी एप्लिकेशन्स को मिलाकर यह आंकड़ा करोड़ों में पहुंच जाता है। तो चलिए जानते हैं कि स्पॉटिफाई के मुताबिक शारदा सिन्हा के सबसे ज्यादा सुने जाने वाले छठ सॉन्ग कौन से हैं। लिस्ट में पहला नाम है 'पहिले पहिल छठी मईया' सॉन्ग का।*

***पहिले पहिल छठी मईया :*** तकरीबन पांच मिनट का यह गाना सिर्फ स्पॉटिफाई पर अभी तक 3 लाख 64 हजार से ज्यादा बार प्ले किया जा चुका है। इस खूबसूरत नगमे के बिना भक्तों के लिए छठ का त्यौहार अधूरा है। गाने के लिरिक्स और उस पर शारदा सिन्हा की आवाज लोगों के दिलों में ऐसी बस चुकी है कि उसे रिप्लेस कर पाना असंभव है।



***केलवा के पात पर :*** छठी मईया एल्बम का यह गाना तकरीबन 8 मिनट का है और इसके लिरिक्स दर्शकों को इतने पसंद हैं कि यह स्पॉटिफाई पर उनका दूसरा सबसे ज्यादा सुना जाने वाला गाना बन चुका है। इस सॉन्ग को अभी तक 3 लाख 27 हजार बार सुना जा चुका है और यह आंकड़ा इस छठ पर और बढ़ने वाला है।

***हो दीनानाथ सॉन्ग :*** छठी मईया एल्बम का ही एक और गाना है जो कि काफी पॉपुलर है। छठ के मौके पर अगर आपने स्पीकर पर 'हो दीनानाथ' सॉन्ग ना सुना हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। तकरीबन सात मिनट का यह गाना भी खूब पॉपुलर है। शारदा सिन्हा ने छठ के त्यौहार को इस गाने के जरिए और भी यादगार बनाने ता काम किया है।

***उठऊ सूरज भईले बिहान :*** छठ माई का व्रत करने वाली महिलाओं को यह गाना कंठस्थ हो चुका है। 'उठऊ सूरज भईले बिहान' उस मौके पर प्ले किया जाता है जब अगली सुबह पूजा की तैयारी हो रही होती है। हर साल करोड़ों की संख्या में लोग यह गाना सुनते हैं और इसी तरह इस पर काउंट बढ़ता चला जा रहा है।

***छठ के बरतिया :*** लिस्ट में आखिरी नंबर पर है शारदा सिन्हा का 'छठ के बरतिया' सॉन्ग। अगर आपका गाना लिस्ट में नहीं है तो मायूस ना हों। शारदा सिन्हा का यूं तो हर गाना सुपरहिट है और उसकी अपनी खूबसूरती है। शारदा सिन्हा के फैंस लगातार यह दुआ कर रहे हैं। यह मौका उनके और उनके परिवार के लिए बहुत कठिन है।

# इन फिल्मों से बॉक्स ऑफिस हिलाएंगे प्रभास

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेता प्रभास की कई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार हैं। प्रभास की फिल्म 'सालार' ने दिसंबर 2023 में सिनेमाघरों में दस्तक दिया। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसकी कहानी ऐसे मोड़ पर खत्म हुई कि दर्शकों के मन में कई सवाल छोड़ गई, जिसका जवाब वह इसके दूसरे भाग में जानने के लिए उत्सुक हैं और बेसब्री के साथ इसका इंतजार कर रहे हैं। फिल्म 'राजा साब' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' को लेकर प्रशंसकों में अभी से उत्साह है। हालांकि फिल्म की शूटिंग अभी शुरू नहीं हुई है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक साउथ एक्टर मोहनलाल की फिल्म 'कन्नप्पा' में प्रभास कैमियो करते हुए नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि उनका ये कैमियो जबरदस्त होने वाला है।

# जीने की कला सिखाती हैं ये कमाल की हिंदी फिल्में

*मुंबई। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव किसे नहीं होता। स्कूल के बच्चों को पढ़ाई का तनाव तो परिवार में सब कुछ ठीक रहने का। किसी को पैसों की तंगी का तनाव तो किसी को ऑफिस का स्ट्रेस। ऐसे में फिल्में हमें कुछ पल का सुकून देती हैं। लेकिन, अगर आपकी भी जिंदगी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है तो आपको ये 6 हिंदी फिल्में जरूर देखनी चाहिए, जो ना सिर्फ आपका स्ट्रेस कम करेंगी बल्कि आपको जीने और खुश रहने की कला भी सिखाएंगी।*

*भागदौड़ भरी जिंदगी में आजकल स्ट्रेस किसको नहीं होता। लेकिन, महत्वपूर्ण यह है कि आप उसे किस तरह हैंडल करते हैं। जानिए कुछ ऐसी कमाल की फिल्मों के बारे में जो ना सिर्फ आपको जीने का तरीका सिखाती हैं, बल्कि लाइफ की प्रॉब्लम्स को एक अलग नजरिए से देखने में भी मदद करते हैं।*

**आनंद :** साल 1971 में आई फिल्म 'आनंद' अगर आपने नहीं देखी है तो आज ही आपको इसके लिए वक्त निकालना चाहिए। अमिताभ बच्चन और राजेश खन्ना स्टारर यह फिल्म एक ऐसे शख्स की कहानी सुनाती है जिसकी जिंदगी में अब बस चंद दिन ही बचे हैं। वह एक लाइलाज बीमारी से पीड़ित है, लेकिन फिर भी अपने आखिरी वक्त को खुलकर जीता है और निराशा में आशा के रंग भरते हुए दुनिया को जीने की कला सिखाता है।




**डियर जिंदगी :** शाहरुख खान और आलिया भट्ट की यह फिल्म ब्लॉकबस्टर पर कोई खास जादू नहीं चला सकी, लेकिन यह फिल्म हर इंसान को एक बार जरूर देखनी चाहिए। कई बार हम अपने ऑफिस स्ट्रेस और निजी जिंदगी में चल रही निगेटिविटी से इतने परेशान हो जाते हैं कि उलटे-सीधे ख्याल आने लगते हैं। एक मनोचिकित्सक के किरदार में शाहरुख खान का बोला हर कोट इस फिल्म से लिखने लायक है।



**3 इडियट्स :** जिंदगी में कुछ बनने और ढेर सारा पैसा कमाने का दबाव शायद दुनिया के सबसे बड़े तनावों में से एक है। रचनात्मकता और जिज्ञासा से भरे बच्चों की जिंदगी पढ़ाई कैसे बर्बाद कर देती है और उन्हें असल में शिक्षा, जिंदगी और करियर को किस जरिए से देखना चाहिए यह बात आमिर खान की फिल्म 3 इडियट्स बड़ी खूबसूरती से बताती है।



**जिंदगी ना मिलेगी दोबारा :** 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' असल में उन लोगों के लिए है जो पढ़ लिखकर कामयाब हो गए हैं और हर वक्त चूहा दौड़ में लगे हुए हैं। यह फिल्म कुछ दोस्तों की कहानी है, जिनमें से एक अपने बाकी दोस्तों की जिंदगी और एक मजेदार सफर के दौरान लाइफ का असली मतलब सीखता है।



**क्वीन :** साल 2013 में आई कंगना रनौत की यह फिल्म एक ऐसी लड़की की कहानी सुनाती है, जिसे उसका मंगेतर शादी के चंद दिन पहले धोखा दे देता है। क्योंकि, हनीमून की टिकटें हो चुकी हैं, तो ऐसे में रानी इन पैसों को बर्बाद करने की बजाए अकेले ही हनीमून पर जाने का फैसला करती है और इस दौरान हुए तजुर्बे उसे एक नया नजरिया देते हैं।



**उड़ान :** यह फिल्म आपको ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखने मिल जाएगी। कई बार जिंदगी कुछ ऐसी चुनौतियां सामने रखती है जिनमें सख्त फैसले लेना मजबूरी हो जाता है। फिल्म एक फैमिली ड्रामा है जिसमें एक लड़का रोज कुछ ऐसे सवालों का सामना करता है, जिसके जवाब उसे खुद ही तलाशने हैं।



# 'रामायण' का पहला पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** रामायण में रणबीर भगवान राम की भूमिका में नजर आएंगे और साउथ अभिनेत्री साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रामायण को दो भागों में दिवाली के अवसर पर रिलीज किया जाएगा। पहला पार्ट दिवाली 2026 को रिलीज किया जाएगा और दूसरा पार्ट दिवाली 2027 को रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। नमित मल्होत्रा ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी करके प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ा दिया है। पोस्टर में एक तीर दिखाया गया है, जो जादू से भरपूर है और सुनहरे रंग की चमक से ढका हुआ है। पोस्टर पर लिखा है, 'नमित मल्होत्रा की रामायण" और साथ ही रिलीज की तारीख भी लिखी है।




# शालिनी को है रिद्धिमा से शिकायत...

**मुंबई।** इन दिनों 'फेबुलस लाइफ ऑफ बॉलीवुड वाइव्स' शो को काफी पसंद किया जा रहा है। इस शो में वैसे तो कई बॉलीवुड से जुड़ी सेलिब्रिटी और स्टार वाइफ शामिल हैं, लेकिन दिल्ली की सोशलाइट शालिनी पासी सबसे ज्यादा खबरों में बनी हुई हैं। दर्शकों के बीच उनकी बढ़ती हुई पॉपुलैरिटी शायद बाकी शो के लोगों को नहीं भा रही है। हाल ही में शालिनी ने इस बात का खुलासा किया है कि रिद्धिमा कपूर और एक दूसरी शो की मेंबर उनके खिलाफ एकजुट होकर काम कर रही हैं। शालिनी ने कहा-'मुझे लगता है कि हम इस शो में एक टीम की तरह है, इसलिए अपने टीम के सदस्य के खिलाफ आपको एकजुट नहीं होना चाहिए। मुझे ऐसा लगता है कि आप लोग मेरे खिलाफ एकजुट हो गए हो, जबकि मैं बहुत सी चीजों के लिए आप पर भरोसा कर रही थी। रिद्धिमा और शालिनी का यह मामला कितना आगे बढ़ेगा, यह तो वक्त ही बताएगा। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि शालिनी को शो में कोई पसंद नहीं करता है। पिछले दिनों इसी शो पर चंकी पांडे की पत्नी और अनन्या पांडे की मां, भावना पांडे ने शालिनी पासी की खूब तारीफ की।



# 'थामा' को लेकर उत्साहित हैं...

**मुंबई।** 'स्त्री 2' के बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ने और 'मुंज्या' की सफलता के बाद मैडॉक का हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स अब अपना परिवार बढ़ा रहा है। 'वैम्पायर्स ऑफ विजयनगर' के नाम से बनती रही फिल्म का नया नाम 'थामा' है और इस फिल्म में किरदार को लेकर आयुष्मान बहुत उत्साहित हैं। वह कहते हैं, 'यह मेरे लिए मैडॉक की ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में शामिल होने का सही समय है। 'स्त्री 2' की कमाई के नए रिकॉर्ड बनने के बाद तो मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं। यह एक ऐसा सिनेमाई अनुभव होगा जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे'। मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की देश में बढ़ती फैन फॉलोइंग पर बात करते हुए आयुष्मान कहते हैं, 'निर्माता दिनेश विजन ने इस यूनिवर्स को जिस तरह से बनाया है, वह काबिले तारीफ है। एक दोस्त, सहयोगी और उनके काम का प्रशंसक होने के नाते मैं देख सकता हूं कि उनके भव्य विस्तार के विचारों के साथ यह यूनिवर्स और भी ताकतवर बनेगा'।





# मुखाग्नि के लिए परिजन ने मांगे 1 लाख पत्नी ने किया पति का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कैंसर की बीमारी से लड़ते-लड़ते पटना तहसील के ग्राम करजी का एक युवक जिंदगी की जंग हार गया। पति की मौत के बाद उसकी पत्नी अंतिम संस्कार के लिए परिजन के सामने फरियाद लेकर पहुंची। उनकी कोई संतान नहीं है, लेकिन परिजन ने अंतिम संस्कार के बदले पांच डिसमिल जमीन या एक लाख रुपए की मांग कर दी। इस पर मांग पूरी करने में असमर्थता जताते हुए पत्नी ने खुद ही पति को मुखाग्नि दी और अंतिम संस्कार किया। जानकारी के मुताबिक पटना तहसील के ग्राम करजी निवासी कतवारी लाल राजवाड़े (47 वर्ष) को दो साल से मुंह का कैंसर था। करीब 6 महीने पहले उसकी हालत ज्यादा खराब हो गई। पैतृक संपत्ति का कुछ हिस्सा बेचकर उसकी पत्नी श्यामपति ने इलाज कराया। इसी बीच कतवारी की मौत हो गई। कतवारी लाल राजवाड़े और श्यामपति की 25 साल पहले शादी हुई थी। लेकिन उनका कोई बच्चा नहीं हुआ। कतवारी के निधन के बाद यह समस्या आ गई कि उसे मुखाग्नि कौन देगा। हिंदू रीति-रिवाज के साथ क्रिया कर्म कौन करेगा।

# मुड़पार में बिजली करंट लगने से युवक की मौत

**भिलाई ।** घर के बाहर का नाली सफाई करते बिजली करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ग्राम मुडपार निवासी मिथुन नामक युवक सोमवार को घर के बाहर बने बने नाली की सफाई कर रहा था। नाली के पास ही बिजली कंपनी का ट्रांसफार्मर भी लगा हुआ है। सफाई के दौरान मिथुन ने ध्यान नहीं दिया और ट्रांसफार्मर के खुले तार की चपेट में आ गया। करंट लगने पर उसे गंभीर अवस्था में परिजनों ने अस्पताल पहुचाया। जहां डॉ. ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को मिथुन के शव का पीएम कराया गया। उसके बाद शव को परिजनों को सौंपा गया। इसके पूर्व भी बिजली करंट की चपेट में आने से बंदर और गाय की मौत हो गई थी। मोहल्ले के लोगों के अनुसार कुछ दिन पहले ही वहां पर लगे ट्रांसफार्मर की खुली तार की चपेट में एक बंदर और गाय आ गई थी। करंट लगने से बंदर और गाय दोनों की मौत हो गई थी।

# तलवार लहराते युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** गांव के चौक में तलवार लहराकर लोगों को भयभीत कर रहे युवक को भखारा पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। भखारा पुलिस को मुखबिर ने ग्राम कानामुका के महावीर चौक के पास एक युवक द्वारा धारदार तलवार लहराकर आने जाने वालों को भयभीत करने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल ग्राम कानामुका पहुंची, जहां महावीर चौक में एक युवक तलवार लहरा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उक्त युवक को पकड़कर उसके कब्जे से तलवार जब्त की। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रोहित धनकर पिता कलीराम ग्राम कानामुका थाना भखारा निवासी बताया।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
94060-21769

## अडानी पावर लिमिटेड, रायपुर
**सार्वजनिक सूचना**

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) ने पर्यावरण मंजूरी (ईसी) प्रदान कर दी है। पत्रांक संख्या. **J-13012/62/2008-IA. II(T)** जारी करने की तारीख: **01.11.2024**, यह मंजूरी अडानी पावर लिमिटेड, रायपुर को **"रायपुर थर्मल पावर प्लांट के विस्तार के लिए 1600 (2x800) मेगावाट क्षमता को मौजूदा 1370 (2x685) मेगावाट में जोड़कर, 358.15 हेक्टेयर में अदानी पावर लिमिटेड, रायपुर (एपीएल) द्वारा छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के तिल्दा ब्लॉक में सीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित किए जाने हेतु प्रदान की गई है."**

**इस थर्मल पावर प्लांट की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं-**

**विस्तार क्षमता:** 1600 (2X800) मेगावाट

**प्रौद्योगिकी** - परियोजना ने रायपुर टीपीपी/के लिए अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल बॉयलर की नवीनतम तकनीक को अपनाया है।

**भूमि** - इस परियोजना के लिए मौजूदा संयंत्र सीमा के भीतर कुल भूमि की 358.15 हेक्टेयर है।

**कोयला** - परियोजना के लिए 85% प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) के साथ 6.6 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) कोयले की आवश्यकता होगी, जिसे गोंदुलपारा कोयला खदान/ व्यापारी से प्राप्त किया जाएगा।

**जल** - परियोजना के लिए प्रति वर्ष 36 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीएम) पानी की आवश्यकता होगी, जिसे महानदी नदी के समोदा बांध जलाशय से प्राप्त किया जाएगा।

**फ्लाई ऐश** - फ्लाई ऐश अधिसूचना और उसके बाद के संशोधनों के अनुसार फ्लाई ऐश का उपयोग और निपटान किया जाएगा।

**अनुपालन** - पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी), भारत सरकार और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CECB) द्वारा अधिसूचित निर्धारित शर्तों का पर्यावरण सुरक्षा मानकों के संबंध में हर छह महीने में सख्ती से पालन किया जाएगा और अनुपालन रिपोर्ट के साथ केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) को सूचित किया जाएगा।

इस परियोजना की कुल अनुमानित पूंजी लागत 13600.0 करोड़ रुपये है और 2110.33 करोड़ रुपये पर्यावरण संरक्षण कार्यों जैसे इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिटलेटर, वर्षा जल संचयन, चिमनी, धूल निष्कर्षण और दमन प्रणाली, सीवरेज संग्रह, उपचार और निपटान, ग्रीन बेल्ट, और भूनिर्माण, वर्षा जल संचयन, सौर ऊर्जा दोहन और पर्यावरण निगरानी की स्थापना पर खर्च किए जाएंगे। सीईआर (CER) CSR के लिए 50.15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

पर्यावरण मंजूरी की सामान्य शर्त संख्या 10.6 के अनुसार पर्यावरण मंजूरी पत्र की प्रति एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CECB) के क्षेत्रीय कार्यालय और प्रधान कार्यालय और कंपनी की वेबसाइट https://www.adanipower.com पर उपलब्ध है। और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाइट परिवेश पोर्टल https://parivesh.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

पर्यावरण मंजूरी की प्रति स्थानीय निकायों, पंचायतों, नगर निकायों और सरकार के संबंधित कार्यालयों के प्रमुख को सौंपी गई है।

**अडानी पावर लिमिटेड, रायपुर**

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है 12TH PASS टेलीकॉलर-2 ऑफिस असिस्टेंट -02 सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4 सर्विस टेक्निशियन 2 OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं ) **संपर्क करें- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461,** (RO-3072)

हरिभूमि क्लासीफाईड

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** साई कृपा फ्यूल्स इण्डियन ऑयल पेट्रोल पंप(विधानसभा रोड मोवा) में काम करने हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है Cont- **7987961124, 7987103244.**(RO-567)

### सेल्स/इंजीनियर

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री हेतु सेल्स पर्सन - 2,मैकेनिकल इंजीनियर डिग्री/डिप्लोमा -3, परचेस पर्सन - 2,कंप्यूटर ऑपरेटर - 2,फील्ड ऑपरेटर - 2, हैल्पर,वेल्डर, फिटर की अवश्यकता है **संपर्क -पाल बॉडी वर्क्स, टाटीबंध चौक,रायपुर । मोबाइल - 90398 57933, 9685697933.**(RO-336)

### इलेक्ट्रीकल्स/ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीकल्स, एयर कंडीशनर व ऑफिस कार्य हेतु रायपुर व बिलासपुर में लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी व इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। **पता- सेप कॉरपोरेशन, कुकरेजा फार्म हाउस, रायपुर समय - 11 से 6 बजे तक मोबाइल नंबर रायपुर- 0771-4904264, 6267449937. बिलासपुर- 98271 - 96540.**(RO-5995)

### सेल्समेन/ सेलगर्ल

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.**(RO-3069)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड कपडे के शोरूम में कार्य हेतु अनुभवी सेल्समैन/सेल्सगर्ल/हेल्पर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- गोपाल होजियारी स्टोर्स पंडरी रायपुर 9424213600, 9425215273.** (RO-1005)

**आवश्यकता है-** फर्नीचर मॉल बिलासपुर में अनुभवी सेल्समैन एवं सेल्सगर्ल की तत्काल आवश्यकता है आवास सुविधा उपलब्ध **सम्पर्क करें 9300612345** (RO-35829)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### ड्राइवर

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार (बीएमडबल्यू, ऑडी, मर्सिडीज़) चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर का शादीशुदा होना व 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। इ्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचनाः- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें)। इंटरव्यू के लिए आते वक़्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल व ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य लाये। सैलरी 19000/- प्रतिमाह। **पता- सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक:- 9340730994.**(RO-21)

**आवश्यकता है-** अनुभवी कार ड्राइवर की 14000/- घरेलू काम हेतु युवक/ युवती 10000/- फार्महाउस में कार्य करने हेतु शादीशुदा (बिना बच्चे) को प्राथमिकता 12000/- रहने की सुविधाः- **मो. 9302708426, 7470602013. देवपुरी रायपुर** (RO-3071)

**आवश्यकता है-** चुस्की चायपत्ती में गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है **संपर्क-** Jain Traders **नियर SBI ATM के सामने गली सामने गली आकृति विहार अमलीडीह 74699-80000, 0771-4075490.**(RO-A)

**ड्राइवर चाहिए-** ड्राइवर की आवश्यकता है : टाटा एस एवं बैटरी वाली ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। लोकल दुर्ग भिलाई घुमना है, आकर्षक वेतन, लाइसेंस अनिवार्य। केवल दुर्ग-भिलाई वाले ही **संपर्क करें:-9827466771** (आरो न.-614)

क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल धनोरा दुर्ग हेतु बस ड्राइवर की आवश्यकता है। 2 पद, अनुभवी को प्राथमिकता। आकर्षक वेतन। **संपर्कः 09584384791.** (आरो नं. 620)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** OCEAN Company को ऑफिस हेतु 10th से ग्रेजुएट, 18 से 28 वर्ष के युवक/ युवतियों की आवश्यकता, आय 8500 से 18000, **संपर्क करे- स्मृति नगर भिलाई (छ.ग.) मो. 8818877409, 9202140074** (RO-5991)

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000 +कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, **अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास या फेल। 6265100904.**(RO-3078)

**आवश्यकता है-** दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में आफिस कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **कॉल / मेसेज 7999847673 समय - 12 से 5 तक** (आरो न.-616)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की, जो छत्तीसगढ़ के बाहर रहकर काम कर सके। योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन 10000/- (रहना फ्री) ट्रेनिंग बाद कमाए 20,000/- से 25,000/- **संपर्क करें:- 8815522974, 8357893800.** (RO-3075)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### घरेलु/कुक कार्य

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा के आगे, वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में घर का झाडू पोछा, कपड़ा बर्तन, साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरूष/महिलाये चाहिए। ग्रामीणों को प्राथमिकता पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले व शाकाहारी ही **संपर्क करें 9300593000.** (RO-1227)

**आवश्यकता है-** देवादा हॉस्पिटल के कैंटीन में काम हेतु कर्मचारी टेबल सफाई, बर्तन सफाई, खाना बनाने हेतु कुक एवं ड्राइवर की तुरन्त **संपर्क करेः- मो.-9303657790, 7970259986** (RO-615)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** घर का समस्त कार्य करने के लिए मेहनती एक लड़की/महिला कामवाली की, 24 घंटे साथ में रहने खाने की सुविधा मुफ़्त जल्दी **संपर्क करें - रायपुर** mobile - **7024379094 , 7987466526.**(RO-334)

**आवश्यकता है-** रायपुर वीआईपी रोड राम मन्दिर के पास बच्चा सम्हालने हेतु २४ घंटे वाली लड़की की जरूरत है, रहना खाना दिया जायेगा, उचित तनख्वाह और अलग से रहने कमरा मिलेगा.. **संपर्कः- 7000989337, 8839751934.**(RO-om)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** किराना व डेलीनिड्स की दुकान को संचालित एवं कार्य करने हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता है (अनुभवी को प्राथमिकता) **संपर्कः- सी-मार्केट सेक्टर-6 भिलाई मो.- 9826684859.**(RO-bhilai)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### घरेलु/टेलीकालिंग कार्य

**आवश्यकता है-** घर का घरेलू कार्य एवं टेलीकॉलिंग कार्य, घर बैठे मार्केटिंग हेतु लडकी चाहिए समय 9 से 7 खाना रहना फ्री सैलरी 5000-7000/- आधार फोटो बायोडाटा सहित **संपर्क करेः- गोकुल टावर, गोगांव, गुढ़ियारी, रायपुर मोबाइल 90393-21951.** (RO-3073)

### इलेक्ट्रीशियन

**आवश्यकता है-** प्रशिक्षण अधिकारी- 2 पद ट्रेड इलेक्ट्रीशियन एवं फ़ीटर।योग्यता ITI pass एवं 03 वर्ष अनुभव।अनुभवी को प्राथमिकता। आकर्षक वेतन। **संपर्कः अग्रसेन प्रा. आईटीआई कोहका भिलाई जिला दुर्ग। आवेदन मेल करेः** agraseniti @gmail.com (आरो नं. 619)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सनी सिक्योरिटी सर्विसेस बिलासपुर को सुरक्षा गार्ड की तत्काल आवश्यकता है। रायपुर, बिलासपुर प्रा.लि. कंपनियों के लिए वेतन 13000 से 15000 तक आवास, मेडिकल फ्री **संपर्क करें 9827110887, 8793519403, 8319724823, 9229260100.**(RO-35805)

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है। रूम बिजली की सुविधा फ्री। **पता- बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7471176423** (RO-35815)

छोटा विज्ञापन

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** अर्जेंट आवश्यकता है , दो युवक की उम्र 25-35 वर्ष आर एस स्टील ट्रेडिंग मुंबई मे काम करने के लिए **संपर्क 7987160256.**(RO-618)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G **कंपनी** (SMS SENDING CALLING JOB) **करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त)** NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें :- 9102935834** (RO-3051)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.**(RO-750)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, CALL // WHATSAPP **करे : - 7762065867.**(RO-om)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

## Property प्रापर्टी

### फ्लैट

**भिलाई में फ्लैट बेचना है-** 2 बीएचके पूर्वाभिमुख, तीसरातल लिफ्ट के साथ, दो तरफ सड़क, हवादार, तीन बालकानी एवं दो बाथ सहित, एरिया - 1345 फीट का फ्लैट **प्रगतिनगर, सड़क-1A, रिसाली में बेचना है। संपर्कः- ओनर मो.- 9407663145** (आरो न.-617)

### जमीन

**जमीन उपलब्ध है-** रायपुर से मात्र 11 किलोमीटर की दूरी पर मोतीपुर, महादेवघाट, पाटन रोड हाईवे पर सर्वसुविधायुक्त 25000 वर्गफुट जमीन प्राइम लोकेशन पर फार्महाउस बनाने हेतु उपलब्ध **संपर्क करें- 9111555767, 9691637649** (RO-5990)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस-** लोन, लोन, लोन KUBER FINANCE (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, (महिलाओं के लिए विशेष छूट) **संपर्कः- 8349193481.** (RO-om)

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152




**डॉक्टर सजेशन**



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# कैटरेक्ट ऑपरेशन के बाद भी अगर दिखाई पड़े धुंधला



**मेरी उम्र 61 वर्ष है। दो महीने पहले मैंने मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया था। ऑपरेशन के बाद भी मेरी आंखों की समस्या पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है। अभी भी मुझे धुंधला दिखाई पड़ता है और अक्सर आंखों से पानी निकलता रहता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कपिल, महेंद्रगढ़**

ऑपरेशन कराने के कुछ समय बाद तक इस तरह की समस्या कई बार देखी जाती है, लेकिन अगर आपको ऑपरेशन कराए हुए काफी समय हो गया और फिर भी परेशानी आ रही है तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। जिस डॉक्टर से ऑपरेशन कराया है, वहां दिखाने के बाद आराम नहीं मिल रहा है तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर बदल लेना चाहिए। यानी सेकेंड ओपिनियन लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। मेरे चेहरे पर अक्सर कील-मुंहासे निकल आते हैं। मैं कई तरह के फेस-वॉश और क्रीम यूज कर चुका हूं लेकिन उनसे कोई खास फायदा नहीं हुआ। प्लीज मुझे मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-राहुल, बिलासपुर**

आपको त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए। जैसा आप बता रहे हैं कि पहले कई तरह के फेसवॉश का इस्तेमाल कर रखा है। तरह-तरह की फेस वॉश से भी स्किन में समस्या आ जाती है, इसलिए अभी किसी तरह का फेसवॉश इस्तेमाल ना करें और डॉक्टर से संपर्क करें। उनकी एडवाइस के बाद ही कोई प्रोडक्ट इस्तेमाल करें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। अक्सर ही मेरे हाथ-पैरों में सूजन हो जाती है। कभी-कभी तो चेहरा भी सूजा हुआ लगता है। क्या ये किसी बीमारी के लक्षण हैं? मुझे क्या करना चाहिए, कृपया मेरा उचित मार्गदर्शन करें।**

**-सुशील, रायपुर**

आपकी बीमारी के लक्षण सुनकर, बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। लेकिन कई बार हाथ-पैरों में सूजन शुगर बढ़ने की वजह से भी हो जाती है। क्या आप शुगर के पेशेंट हैं? अगर हैं तो जरूर आपको सबसे पहले अपने ब्लड में शुगर लेवल की जांच करवानी चाहिए। अगर शुगर नॉर्मल है तो भी आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। बिना जांच कराए कोई उपचार नहीं बताया जा सकता है।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मेरे बालों में बहुत ज्यादा डेंड्रफ हो जाते हैं। साथ ही सिर में खुजलाहट-सी बनी रहती है। कृपया बताएं, क्या मुझे इसके लिए मेडिकल ट्रीटमेंट लेने की जरूरत है?**

**-सचिन, महासमुंद**

सर्दी के मौसम में डेंड्रफ होने की समस्या काफी देखी जाती है। इसकी एक वजह यह है कि कई लोग सर्दियों में प्रॉपर सिर नहीं धोते हैं या फिर ज्यादातर समय कैप या मफलर लगाते हैं, जिससे उचित देखभाल नहीं हो पाती है। सबसे पहले आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें, उसकी एडवाइस के बाद ही आप किसी हेयर ऑयल या शैपू का इस्तेमाल करें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से रह-रहकर मेरे कान में दर्द शुरू हो जाता है। कभी-कभी टीस के साथ कानों में घरघराहट जैसी आवाज आती है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-कार्तिक, भोपाल**

कान के दर्द को आप हल्के में ना लें, कई बार यह गंभीर बीमारी का कारण भी बन जाता है। क्या आपके कान से लिक्विड भी बहता है? अगर ऐसा है तो आपको तुरंत ईएनटी के डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। कई बार कान की हड्डी में प्रॉब्लम होती है। कान की हड्डी गलने लगती है। समय पर उपचार ना होने की वजह से बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। इसलिए तुरंत जांच कराएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

**मेडिकल एडवाइस**

**डॉ. सुमीत सिंघानिया**
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट
कोकिलाबेन धीरू भाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

**स्पेशलः वर्ल्ड निमोनिया-डे, 12 नवंबर**

वैसे निमोनिया की गिरफ्त में हर आयु वर्ग के व्यक्ति आ सकते हैं, लेकिन आमतौर पर 5 साल से कम आयु वाले बच्चों और 65 वर्ष से अधिक उम्र वालों में निमोनिया के मामले कहीं ज्यादा सामने आते हैं। बैक्टीरिया, वायरस या फंगस की वजह से हो सकने वाला निमोनिया बहुत खतरनाक रोग है, जिसका समय पर ट्रीटमेंट जरूरी है। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर यहां बहुत डिटेल में बता रहे हैं।

# खतरनाक रोग है निमोनिया ट्रीटमेंट में बिल्कुल ना करें देर



- *1.27 लाख पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की सन 2018 में भारत में मौतें हुईं। देश में निमोनिया से होने वाली बाल मृत्यु दर में साल-दर-साल गिरावट दर्ज हो रही है।*
- *प्रत्येक 39 सेकेंड में दुनिया भर में एक बच्चे की निमोनिया से मौत होती है। (स्रोतः यूनिसेफ)*
- *प्रतिवर्ष दुनिया भर में 45 करोड़ व्यक्ति निमोनिया से पीड़ित होते हैं।*

दि फोरम ऑफ इंटरनेशनल रेस्पिरेटरी सोसाइटीज के अनुसार फेफड़ों में संक्रमण को निमोनिया कहते हैं। ऐसा संक्रमण जीवाणुओं (बैक्टीरिया), विषाणुओं (वायरस) और कवक (फंगस) के कारण होता है। ऐसे संक्रमण के कारण फेफड़ों में सूजन और तरल पदार्थ जैसे मवाद और बलगम के रूप में जमा होने लगते हैं। जीवाणुजनित संक्रमण के अंतर्गत फेफड़ों में ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) के कारण होने वाले संक्रमण को भी निमोनिया के अंतर्गत शुमार किया जाता है। वहीं वायरस से होने वाले संक्रमणों जैसे फ्लू और स्वाइन फ्लू आदि बीमारियों में वायरस के दुष्प्रभाव से फेफड़ों में होने वाले संक्रमणों को भी निमोनिया के अंतर्गत माना जाता है। बावजूद इसके, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार लगभग 90 फीसदी मामले जीवाणुजनित निमोनिया से संबंधित होते हैं। बैक्टीरियल निमोनिया का एक कारण न्यूमोकोकल बैक्टीरिया है, जिसे स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया कहा जाता है। जब दोनों फेफड़ों में संक्रमण हो जाता है, तो इस गंभीर मेडिकल स्थिति को डबल निमोनिया कहते हैं।

## जीवाणुजनित निमोनिया के लक्षण

सांस लेने में दिक्कत, तेजी से सांस चलना, तेज बुखार, पीले, हरे या रक्तयुक्त बलगम के साथ खांसी। दिल की धड़कन का तेज होना। गहरी सांस लेने पर सीने में दर्द महसूस होना। भूख में कमी। त्वचा या नाखून का नीला पड़ना। बेचैनी महसूस करना और उल्टी होना।

## वायरल निमोनिया के लक्षण

ऐसे में मरीज को उपरोक्त कुछ लक्षणों के अलावा ये लक्षण भी महसूस हो सकते हैं। जैसे- मांसपेशियों में दर्द, अत्यधिक कमजोरी महसूस होना, सूखी खांसी आना। लगातार सिर दर्द होना।

## छोटे बच्चों में निमोनिया के लक्षण

पसली चलना, एक साल से कम उम्र के बच्चे दूध पीना छोड़ देते हैं और इससे बड़ी उम्र के बच्चे खाना-पीना बंद कर देते हैं। सांस लेते समय घरघराने जैसी आवाज, पेशाब की मात्रा में कमी होना, बुखार के साथ ठंड लगना और त्वचा का लाल होना, उल्टी होना, बच्चे का सुस्त रहना।

## बुजुर्गों में लक्षण

उपरोक्त लक्षणों के अलावा बुजुर्गों में खास तौर पर अनियंत्रित रक्तचाप से संबंधित समस्या उत्पन्न होती है। अनेक बुजुर्गों को या तो उच्च रक्तचाप की समस्या उत्पन्न होती है या फिर वे लो ब्लड प्रेशर के शिकार हो सकते हैं या फिर उनके रक्त में ऑक्सीजन का स्तर कम हो सकता है। उन्हें अत्यधिक थकान और कमजोरी महसूस होती है।

## इनको है ज्यादा रिस्क

जो लोग पहले से ही दमा, ब्रॉन्काइटिस और सांस संबंधी अन्य रोगों जैसे क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पलमोनरी डिजीज(सीओपीडी) आदि से पीड़ित हैं, उनमें निमोनिया होने का जोखिम कहीं ज्यादा होता है। इसके अलावा जो लोग कैंसर, मधुमेह, किडनी और दिल की बीमारी से ग्रस्त हैं, उन्हें निमोनिया होने का जोखिम ज्यादा रहता है।

## डायग्नोसिस के तरीके

डॉक्टर द्वारा क्लीनिक में परीक्षण, सीने का एक्सरे, मरीज के बलगम की जांच, सीटी स्कैन, ब्रॉन्कोस्कोपी और ब्लड टेस्ट से किसी व्यक्ति में निमोनिया रोग होने का पता चलता है।

## ट्रीटमेंट का तरीका

यूरोपियन रेस्पिरेटरी सोसाइटी के एक अध्ययन के अनुसार अगर समय रहते निमोनिया का समुचित रूप से इलाज नहीं कराया गया तो यह स्थिति जानलेवा हो सकती है, क्योंकि फेफड़ों में तरल पदार्थ के एकत्र होने से श्वसन तंत्र की कार्यप्रणाली ठप पड़ सकती है। इस स्थिति में शरीर को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन ना मिलने पर महत्वपूर्ण अंग अपना कार्य करना बंद कर देते हैं।

जांचों के बाद ही डॉक्टर इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। संक्रमण के प्रकार के अनुसार डॉक्टर, मरीज को एंटीबायोटिक्स या एंटीवायरल या एंटी फंगल दवाएं देते हैं। इसके अलावा मरीज के लक्षणों के अनुसार दवाएं दी जाती हैं-जैसे खांसी और बुखार को नियंत्रित करने के लिए। जो मरीज गंभीर निमोनिया से ग्रस्त होते हैं, उन्हें ऑक्सीजन भी देनी पड़ती है।

## ऐसे करें बचाव

बुजुर्गों और वयस्कों में टीकाकरण (वैक्सीनेशन) निमोनिया से बचाव में काफी हद तक सहायक है। जो लोग हाई रिस्क ग्रुप में आते हैं, उन्हें वैक्सीनेशन अवश्य करवाना चाहिए। इस संदर्भ में अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

## जाड़े के मौसम में रहें सावधान

सर्दियों में तापमान में कमी के कारण सांस नलियां सिकुड़ जाती हैं- खासकर बुजुर्गों में। इस कारण जो लोग पहले से ही पुराने सांस रोगों जैसे दमा, सीओपीडी आदि से ग्रस्त हैं, उनके निमोनिया ग्रस्त होने का खतरा बढ़ जाता है। वैसे सर्दियों में निमोनिया उत्पन्न करने वाले जीवाणु और वायरस कुछ ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं। इस कारण भी निमोनिया के मामले बढ़ते हैं।

## ताकि संक्रमण ना फैले

- खांसते समय अपना मुंह और नाक ढंकें और टिश्यू पेपर को बंद कचरे के डिब्बे में डालें।
- किसी वस्तु को खाने से पहले अपने हाथों को साबुन या हैंड सेनीटाइजर से साफ करें।
- अपने आवास या कार्यस्थल में उन सतहों को बार-बार साफ करें, जिन्हें लोग छूते रहते हैं।
- डायरेक्ट और पैसिव स्मोकिंग से बचें। *

**प्रस्तुतिःविवेक शुक्ला**

## वायु प्रदूषण में निमोनिया का खतरा

वायु गुणवत्ता सूचकांक(एक्यूआई) के 100 से अधिक होने पर ऐसे परिवेश में लंबे समय तक कार्य करने से निमोनिया समेत फेफड़ों की अन्य बीमारियां होने का जोखिम कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण के माहौल में अधिक समय तक रहने से फेफड़ों में सूजन यानी (इन्फ्लेमेशन) होने का खतरा बढ़ जाता है, जो कालांतर में निमोनिया के खतरे को बढ़ा देता है। इसका प्रमुख कारण यह है कि प्रदूषित वायु में कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड आदि अन्य विषाक्त गैसें होती हैं, जो आगे चलकर फेफड़ों से संबंधित विभिन्न बीमारियों को उत्पन्न करती हैं।



## ऐसा हो खान-पान

- सुपाच्य भोजन ग्रहण करें, जिसमें दलिया और खिचड़ी का विशेष महत्व है।
- उबली हरी सब्जियां और मूंग, मसूर की दाल का सेवन लाभप्रद है।
- अत्यधिक वसा या चिकनाईयुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- परवल, लौकी और करेला का अधिक सेवन हितकर है।
- फलों के जूस के बजाय गर्म सूप का सेवन करें।
- सेब के अलावा खट्टे फलों जैसे अमरूद, आंवला आदि और ड्राई फ्रूट्स का सेवन लाभप्रद है।
- अत्यधिक ठंडा पानी और कोल्ड ड्रिंक्स ना पिएं।
- जंक फूड्स और प्रोसेस्ड फूड्स से बचें।
- आइसक्रीम और मिठाई ना खाएं।



**अवेयरनेस**

**डॉ. भूपेंद्र सिंगला**
बाल रोग विशेषज्ञ
चाइल्ड केयर सेंटर, दिल्ली

जन्म लेने के बाद से अगले कुछ महीने नवजात शिशु के लिए बहुत सेंसिटिव होते हैं। ऐसे में जरा-सी लापरवाही से नन्हे बच्चे को गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। कौन-सी हैं ये समस्याएं और इनसे कैसे बचाएं अपने शिशु को इस बारे में सभी पैरेंट्स को पता होना चाहिए।

# पूरी सावधानी के साथ करें नवजात शिशु की देखभाल



बच्चे के स्वस्थ विकास के लिए नवजात शिशु की समुचित देखभाल करना बहुत जरूरी है। शिशु की समुचित देख-रेख करने की जिम्मेदारी मां ही नहीं, पूरे परिवार की होती है। सही जानकारी और समुचित देखभाल के अभाव में कई बच्चों के लिए जन्म के बाद का कुछ समय जोखिम भरा हो सकता है। बच्चे कई तरह के इंफेक्शन और बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। पैरेंट्स को पूरी एहतियात बरतनी और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से भी कंसल्ट करना जरूरी है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार ध्यान ना देने की वजह से तकरीबन 15 प्रतिशत नवजात बच्चे इंफेक्शन और कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। शिशुओं की सुरक्षा और समुचित देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 7 नवंबर को दुनिया भर में शिशु सुरक्षा दिवस मनाया जाता है।

**सिर में इंफेक्शन होनाः** समुचित साफ-सफाई के अभाव में शिशु के सिर पर धीरे-धीरे गंदगी की परत-सी जम जाती है, जिसे क्रैडल क्रैब कहा जाता है। इससे स्किन इंफेक्शन होने का डर रहता है। इसे हटाने के लिए बच्चे को ऑयल मसाज के बाद डॉक्टर की सलाह पर मेडिकेटेड शैंपू से सिर धोना फायदेमंद है।

**आंखों में इंफेक्शनः** समुचित ध्यान ना रखे जाने पर शिशु की आंखों में इंफेक्शन हो सकता है। जिसकी वजह से आंखों से पानी निकलता है और आंखें चिपचिपी रहती हैं, जबकि शिशु की आंखें रेग्युलर साफ करनी जरूरी हैं क्योंकि नाजुक होने के कारण इंफेक्शन, नजर को प्रभावित कर सकता है। इसके लिए गुनगुने पानी में गीले किए छोटे-छोटे कॉटन-बॉल्स लेकर नाक से कान की तरफ ले जाते हुए दिन में कम से कम दो बार आंखें साफ करनी चाहिए। जरूरत हो तो डॉक्टर से कंसल्ट करके आई ड्रॉप्स भी डाले जा सकते हैं। एक्सपर्ट्स के हिसाब से छोटे बच्चों की आंखों में काजल नहीं लगाना चाहिए, क्योंकि काजल में काफी मात्रा में लेड होता है। यह लेड आंखों के कॉर्निया पर प्रेशर डालता है और आंखों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए सावधानी बरतें।

**मुंह में फंगल इंफेक्शनः** दूध पीने से शिशु के मुंह में खासकर जीभ पर दूध जम जाता है, जिससे ओरल थ्रश फंगल इंफेक्शन होने की आशंका बनी रहती है। इससे बचाव के लिए दूध पिलाने के बाद नवजात शिशु की जीभ और मुंह को साफ रखना चाहिए। इसके लिए साफ और मुलायम कपड़े को उबाल कर ठंडा किए हुए पानी में भिगोकर पूरे मुंह को साफ करना चाहिए।

**कान में इंफेक्शनः** लेट कर ब्रेस्टफीडिंग कराने पर कई बार दूध गले से कान तक जाने वाली नली यूस्टेशियन ट्यूब में चला जाता है। जिससे शिशु को कान का इंफेक्शन हो जाता है और कान बहने लगता है। इससे बचने के लिए दूध पिलाते समय बच्चे का सिर हमेशा ऊंचा रखना चाहिए ताकि दूध आराम से फूड पाइप से नीचे चला जाए।

**रैशेज होनाः** नए एंवॉयर्नमेंट में आने के कारण जन्म के 3-4 दिन बाद कुछ बच्चों में रैशेज की समस्या देखी जाती है। ये रैशेज आमतौर पर चेहरे से शुरू होकर शरीर तक जाते हैं और एकाध सप्ताह में ठीक हो जाते हैं। इचिंग से बचाने के लिए उन्हें नए स्टार्चयुक्त कपड़े ना पहनाकर धोने के बाद ही सूती कपड़े पहनाने चाहिए। अगर इन रैशेज में पस भी पड़ जाए, तो डॉक्टर को कंसल्ट करें क्योंकि यह सुपरफीशियल फंगल इंफेक्शन भी हो सकता है।

**मां के हार्मोंस नवजात शिशु में आनाः** कई बार मां के एस्ट्रोजन हार्मोंस गर्भस्थ कन्या-भ्रूण के शरीर में चले जाते हैं। जिससे जन्मोपरांत बच्ची की ब्रेस्ट में हल्की-सी सूजन आ जाती है और दूध निकलता है। कई मामलों में नवजात शिशु को वाइट डिस्चार्ज या हल्की-सी ब्लीडिंग भी होती है। वैज्ञानिक भाषा में मास्टाइटिस नियोनेटरम कहा जाता है। ऐसे में डॉक्टर से कंसल्ट करना बेहतर है, वरना इंफेक्शन की संभावना रहती है।

**एंबिकल गर्भनाल में इंफेक्शनः** नवजात शिशु की नाभि में लगी क्लिप से बंद की गई गर्भनाल को सूखा रखना जरूरी है। गर्भनाल धीरे-धीरे सिकुड़ते हुए 8-10 दिन में अपने आप झड़ जाती है। इस दौरान गर्भनाल को धोना या पावडर या ऑयल नहीं लगाना चाहिए। इससे इंफेक्शन होने की संभावना रहती है। नाभि के आस-पास का हिस्सा लाल हो जाता है, सूजन आ जाती है या पस निकलने लगती है। कोई समस्या होने पर डॉक्टर से कंसल्ट करना जरूरी है।

**पसली का तेजी से चलनाः** आमतौर पर नवजात शिशु का ब्रीदिंग रेट 60/ मिनट से ज्यादा हो और पसलियों में गड्ढे पड़ रहे हों या चेस्ट रिट्रेक्शन हो रहा है, तो संभव है कि उसे लंग्स या हार्ट डिजीज हो। कई बार उसे सर्दी लगने या रेस्पेरेटरी ट्रैक में इंफेक्शन से भी ऐसा होता है। ऐसे में शिशु को तुरंत डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए।

**जांडिस होनाः** जन्मोपरांत 4-5 दिन में नवजात शिशु में लिवर मैच्योर ना होने की वजह से फिजियोलॉजिकल जांडिस हो सकता है। आमतौर पर यह 3-5 दिन में ठीक हो जाता है, लेकिन कुछ मामलों में यह ज्यादा दिन तक रहता है। इलाज के लिए शिशु को फोटो थेरेपिक लाइट में रखना पड़ता है। बच्चे में अगर पीलिया 20 मिलीग्राम प्रति डेसीमीटर से ज्यादा हो जाए, तो स्थिति गंभीर हो जाती है। पीलिया बच्चे के ब्रेन में चला जाता है और ब्रेन को परमानेंट डैमेज कर सकता है।

**मल त्याग में समस्याः** आमतौर पर शिशु का दिन में 2-3 बार स्टूल पास करना सामान्य माना जाता है। लेकिन बैक्टीरियल इंफेक्शन होने पर बच्चा दिन से 4-5 बार मल त्याग करता है और उसका मल अलग-अलग शेप का, हरे रंग का या खून युक्त आता है। इसी तरह फॉर्मूला मिल्क पीने से अकसर शिशु को कब्ज की शिकायत हो सकती है। जिसकी वजह से उसे पेट में दर्द, ऐंठन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में तुरंत बाल रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। *

**प्रस्तुतिःरजनी अरोड़ा**

## समुचित पोषण ना मिलना

**समय-असमय** सोने, ब्रेस्ट फीडिंग के बाद उल्टी कर दूध निकालने या फिर अंदरूनी तकलीफ होने पर सुस्त पड़ने की वजह से बच्चा दूध नहीं पी पाता। समुचित पोषण ना मिल पाने से उसका विकास अवरुद्ध हो सकता है। एक्सपर्ट्स की माने तो नवजात शिशु को ब्रेस्ट फीडिंग कराने में 2-3 घंटे से ज्यादा का गैप नहीं रखना चाहिए। अगर बच्चा सो भी रहा हो, तो उठाकर फीड कराना चाहिए। दूध पिलाने के बाद बच्चे को छाती से सीधा लगाकर पीठ को हल्के हाथ से थपकियां देनी चाहिए ताकि उसे डकार आ जाए और वह उल्टी ना करे। दूध ना पीने की स्थिति में यथाशीघ्र डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए।



**हर्बल जोन**

**रेखा देशराज**

बिच्छू बूटी में अनेक ऐसे औषधीय गुण मौजूद होते हैं, जो कई रोगों में कारगर होते हैं। खासतौर पर इन दिनों की हल्की सर्दी में होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी, इसका सही तरीके से किया गया सेवन, हमें बचाए रखता है। इस बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# गुनगुनी सर्दियों में गर्माइश देती बिच्छू बूटी



उत्तराखंड के जंगलों, हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में यूं ही खूब उगने वाली बिच्छू बूटी या बिछुआ, जिसे हिमाचल प्रदेश में कंडाली के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐसी पारंपरिक औषधीय जड़ी बूटी है, जो अपनी पत्तियों में उगे डंकों या कांटों के लिए जानी जाती है। इसका वैज्ञानिक नाम अर्टिका डाइओका है। यह मूलतः पश्चिमी देशों में इस्तेमाल होने वाली हर्ब है। लेकिन अब भारत में भी लोग इसका खूब इस्तेमाल करते हैं। क्योंकि यह भारत के लगभग सभी पहाड़ी और मैदानी जंगलों में अपने आप उगती है। धीरे-धीरे इसके फायदों को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। इसे पंसारियों की दुकान से जड़ी बूटी के रूप में और इसके इस्तेमाल से बनी तमाम औषधियों को आयुर्वेदिक दवा स्टोर से खरीदा जा सकता है।

**मौजूद औषधीय गुणः** यह सचमुच बड़े काम की वानस्पतिक औषधि है। सर्दियों में इसके इस्तेमाल से शरीर में गुनगुनी गर्माइश का प्रवाह रहता है। यह जोड़ों के सूजन को कम करती है। रक्त में शर्करा को नियंत्रण करती है। जिन लोगों को मूत्र करने में परेशानी हो, उन्हें इसका इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि इससे मूत्र प्रवाह बेहतर होता है।

**कई रोगों में कारगरः** बिच्छू बूटी की पत्तियों में विटामिन-ए, विटामिन-सी के साथ-साथ आयरन, प्रोटीन और कई तरह के खनिज पदार्थ पाए जाते हैं। इसकी चाय पीने से गुनगुनी सर्दियों में शरीर को बहुत राहत मिलती है और हम शुरुआती सर्दी में होने वाले संक्रमण से बचे रहते हैं। इसका इस्तेमाल त्वचा की एलर्जी कम करती है। इसकी नियमित चाय पीने से शरीर का डिटॉक्सीफिकेशन होता है। इसके बीज और अर्क के इस्तेमाल से शरीर में सेरोटोनिन बढ़ता है, जिससे ऊर्जा मिलती है। बिच्छू बूटी के कंटीले पत्तों का दरदरा लेप बनाकर अगर सूजे हुए जोड़ों में लगाया जाए तो जोड़ों के दर्द में कमी होती है। बिच्छू बूटी में एंटी-अस्थेमेटिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो अस्थमा रोगियों की परेशानियों को कम करते हैं। लेकिन अस्थमा रोगियों को इसका इस्तेमाल बिना हर्बल एक्सपर्ट की सलाह के नहीं करना चाहिए वर्ना इसके नुकसान भी हो सकते हैं। चूंकि यह शरीर से अच्छी तरह से विषाक्त पदार्थों को निकालने में सक्षम है। इसलिए इसका इस्तेमाल डिटॉक्सीफिकेशन के तौर पर भी होता है। इसके इस्तेमाल से हमारी पाचन क्षमता बेहतर होती है। स्वास्थ्य रक्षा प्रणाली मजबूत बनती है।

**हार्ट बनाए हेल्दीः** बिच्छू बूटी का इस्तेमाल हृदय के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा रहता है, विशेष रूप से अगर बिच्छू बूटी की बनी चाय का नियमित सेवन किया जाए। क्योंकि इसके सेवन से लोवर सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद मिलती है और कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम सही रहता है। इसके इस्तेमाल से त्वचा स्वस्थ बनी रहती है। किडनी और पित्ताशय की थैली सुरक्षित रहती है। मांसपेशियों के दर्द में यह कारगर है। लेकिन इसका सेवन किसी भी रूप में करने से पहले अपनी स्वास्थ्य दशा बताकर आयुर्वेद विशेषज्ञ या किसी अनुभवी वैद्य से सलाह अवश्य करें। *




## खबर संक्षेप

### ब्लू स्टार का तिमाही मुनाफा 35.73% बढ़ा

**नई दिल्ली।** एयर कंडीशनिंग और वाणिज्यिक प्रशीतन प्रणाली बनाने वाली कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 35.73 प्रतिशत बढ़कर 96.06 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में मुनाफा 70.77 करोड़ रुपये रहा था।

### चिप कंपनी टेसाल्व करेगी ड्रीम चिप का अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** सेमीकंडक्टर कंपनी टेसोल्व जर्मनी स्थित सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन कंपनी ड्रीम चिप टेक्नोलॉजीज का 4.25 करोड़ यूरो (करीब 400 करोड़ रुपये) में पूर्ण अधिग्रहण करेगी। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा, इस अधिग्रहण से टेसोल्व के यूरोपीय परिचालन का विस्तार होगा, जिसमें जर्मनी तथा नीदरलैंड में चार डिलीवरी स्थान शामिल होंगे। इसमें एक विशेष एडीएएस तथा इमेजिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लैब भी शामिल है। बयान के अनुसार, ''टेसोल्व आज जर्मनी स्थित सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन कंपनी ड्रीम चिप टेक्नोलॉजीज का 100 प्रतिशत अधिग्रहण करने के लिए एक निर्णायक समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा करता है। इसके लिए 400 करोड़ रुपये (4.25 करोड़ यूरो) तक का भुगतान किया जाएगा।''

### ट्रंप के 'अमेरिका प्रथम' एजेंडा का भारत पर पड़ेगा असर : विशेषज्ञ

# ट्रंप के एजेंडा से भारतीय वाहन, कपड़ा फार्मा सामान पर बढ़ सकता है शुल्क

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने की संभावना के बीच यदि नया अमेरिकी प्रशासन 'अमेरिका प्रथम' एजेंडा को आगे बढ़ाने का फैसला करता है, तो भारतीय निर्यातकों को वाहन, कपड़ा और फार्मा जैसे सामान के लिए ऊंचे सीमा शुल्क का सामना करना पड़ सकता है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है।

विशेषज्ञों ने कहा कि ट्रंप एच-1बी वीजा नियमों को भी सख्त कर सकते हैं, जिससे भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों की लागत और वृद्धि पर असर पड़ेगा। भारत में 80 प्रतिशत से अधिक आईटी निर्यात आय अमेरिका से आती है, जिससे वीजा नीतियों में बदलाव के प्रति भारत संवेदनशील हो जाता है।

### भारत का वार्षिक कारोबार 190 अरब डॉलर

अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। अमेरिका से भारत का वार्षिक कारोबार 190 अरब डॉलर से अधिक है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि ट्रंप चीन के बाद अब भारत और अन्य देशों पर भी शुल्क लगा सकते हैं।

## ट्रंप एच-1बी वीजा नियमों को भी सख्त कर सकते हैं

### भारत को टैरिफ किंग करार दिया था

ट्रंप ने पहले भारत को 'बड़ा शुल्क दुरुपयोगकर्ता' कहा था और अक्टूबर, 2020 में भारत को 'टैरिफ किंग' करार दिया था। उन्होंने कहा कि इन टिप्पणियों से पता चलता है कि ट्रंप का दूसरा कार्यकाल कठिन व्यापार वार्ता ला सकता है। "उनका अमेरिका प्रथम एजेंडा संभवतः सुरक्षात्मक उपायों पर जोर देगा।



- भारतीय निर्यातकों को ऊंचे शुल्क का सामना करना पड़ सकता है
- भारतीय आईटी कंपनियों की लागत और वृद्धि पर असर पड़ेगा
- ट्रंप ने अक्टूबर, 2020 में भारत को 'टैरिफ किंग' करार दिया था

### निर्यात के लिए बढ़ सकती है बाधाएं


भारतीय वस्तुओं पर पारस्परिक शुल्क, जो संभवतः वाहन, शराब, कपड़ा और फार्मा जैसे प्रमुख भारतीय निर्यात के लिए बाधाएं बढ़ा सकता है। ये बढ़ोतरी अमेरिका में भारतीय उत्पादों को कम प्रतिस्पर्धी बना सकती है, जिससे इन क्षेत्रों में राजस्व प्रभावित हो सकता है।




## भारत के लिए एक नया अवसर हो सकता है : विशेषज्ञ

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा, ट्रंप का राष्ट्रपति बनना भारत के लिए एक नया अवसर हो सकता है। ट्रंप उन देशों पर शुल्क और आयात प्रतिबंध लगाएंगे, जिनके बारे में उन्हें लगता है कि वे अमेरिका के अनुकूल नहीं हैं। इनमें चीन और यहां तक कुछ यूरोपीय देश शामिल हैं। अगर ऐसा हुआ तो इससे भारतीय निर्यात के लिए बाजार खुल सकते हैं।

### चीन की जीडीपी में कमी आ सकती है



बार्कलेज ने एक शोध रिपोर्ट में कहा कि व्यापार नीति के लिहाज से ट्रंप एशिया के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण हो सकते हैं। बार्कलेज ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि ट्रंप के शुल्क प्रस्ताव चीन के सकल घरेलू उत्पाद में दो प्रतिशत की कमी लाएंगे - और क्षेत्र की बाकी अधिक खुली अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव डालेंगे।''

## बिजनेस साइट

### ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक को केयर से उत्कृष्ट स्कोर हासिल



- सेबी फ्रेमवर्क के तहत प्राप्त की उच्च रेटिंग

**मुंबई।** सेबी द्वारा अनुमोदित ढांचे के तहत, केयर ईएसजी रेटिंग्स द्वारा आयोजित ईएसजी रेटिंग में ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 68.1 का प्रभावशाली स्कोर हासिल किया है। यह बैंक के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह उद्योग के औसत स्कोर 51.8 से काफी आगे है।

यह प्रदर्शन बैंक की पर्यावरण, सामाजिक और शासन व्यवस्थाओं की उच्च मानक स्थापनाओं को दर्शाता है। ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपनी स्थापना के बाद से ईएसजी की अवधारणा को अपने मूल में अपनाया है।

बैंक ने सामुदायिक समर्थन, मानवाधिकार, उत्पाद सुरक्षा और डेटा गोपनीयता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उत्कृष्टता दिखाई है। इस सफलता पर ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कदम्बेलिल पॉल थॉमस ने कहा कि हमारा उद्देश्य देश में सबसे अच्छा सामाजिक बैंक बनना है और यह रेटिंग इस तथ्य को रेखांकित करती है कि हम सही दिशा में अग्रसर हैं।

### सोने में 150 रुपए की गिरावट, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत 150 रुपये की गिरावट के साथ 81,150 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। आभूषण एवं फुटकर विक्रेताओं की कमजोर मांग के कारण भी बहुमूल्य धातु की कीमतों पर असर पड़ा। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। हालांकि, चांदी 96,700 रुपये प्रति किग्रा पर स्थिर रही। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 150 रुपये की गिरावट के साथ 80,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई थी। इससे पहले यह 80,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

## ट्रंप की जीत से आईटी शेयरों में तेजी, सेंसेक्स 901 अंक चढ़ा

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और फार्मा शेयरों में भारी लिवाली से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इस दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 901 अंक चढ़कर बंद हुआ। निवेशकों ने दो दिन में 10.47 लाख करोड़ रुपए कमाए। बीएसई सेंसेक्स ने दूसरे दिन भी बढ़त जारी रखी और यह 901.50 अंक या 1.13 प्रतिशत बढ़कर 80,378.13 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत बढ़कर 24,484.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर टाइटन, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिकी चुनाव के नतीजों के बाद वैश्विक बाजारों में राहत भरी तेजी देखी गई।

*जीई पावर इंडिया ने 67 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया*

*नई दिल्ली। जीई पावर इंडिया को सितंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 66.8 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ है। कंपनी ने एक नियामकीय सूचना में यह जानकारी दी।*

मोर Raipur SMART CITY

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

### प्रथम निविदा सूचना

क्रमांक 22468/स्मार्ट सिटी/2024 — रायपुर दिनांक, 06/11/2024

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, रायपुर की ओर से प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति ( प्रथम में अमानती राशि, अन्य कागजात एवं द्वितीय में निविदा प्रपत्र) में सील बंद निविदाएं स्पीड पोस्ट से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है ।

1.आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 21.11.2024 को सायं 5.30 बजे तक
2.निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 22.11.2024 को सायं 5.30 बजे तक
3.निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 29.11.2024 को सायं 4.00 बजे तक
4.निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 29.11.2024 को सायं 4.30 बजे से

| क्र. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | अवधि | निविदा प्रपत्र | एस.ओ. आर / नॉन एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | आई.ए.एस. मेस परिसर स्थित भवन में संधारण एवं फर्नीशिंग कार्य । | 19.50 | 15000.00 | 750.00 | "डी" श्रेणी एवं उससे उपर | 02 माह | प्रपत्र "A" | एस.ओ.आर. (पी.डब्ल्यू.डी. की बिल्डिंग, रोड 2015 एवं इलेक्ट्रिकल 2020) |

नोट- 1. निविदा से संबंधित दस्तावेज-
(1) छ.ग. पीडब्ल्यूडी का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र (2) जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र (3) पेन काड (4) विगत 03 साल का इनकम टैक्स रिटर्न ( नवीन पंजीकृत ठेकेदार / फर्म के लिये यह लागू नही होगा ) (5) विगत 03 माह का जीएसटी रिटर्न (6) राशि रू. 100/- का शपथ पत्र (निविदा जारी होने के बाद का नोटराईजड ) (7) राशि 2.00 लाख से अधिक के कार्यों के लिये कम से कम 15 प्रतिशत तक जीवित बैंक सॉल्वेंशी स्वीकार किया जावेगा। (राष्ट्रीयकृत बैंक का अमानती राशि (एफ. डी. आर. के रूप में) प्रबंध संचालक, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के नाम से देय होगा।) (लिफाफा निविदा जारीकर्ता अधिकारी के नाम से पोस्ट किया जावे) निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है, तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर सम्पन्न की जावेगी।
2. निविदा से संबंधित नियम एवं अन्य शर्ते रायपुर स्मार्ट सिटी कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।

प्रबंधक
रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड
रायपुर (छ.ग.)

## मारुति सुजुकी की नई डिजायर के साथ निर्यात बढ़ाने की योजना

**डाबोलिम (गोवा)।** प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) अपनी कॉम्पैक्ट सेडान डिजायर के नए संस्करण के साथ संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, चिली, मेक्सिको और अन्य लातिनी अमेरिकी देशों जैसे बाजारों को लक्ष्य कर रही है ताकि निर्यात में तेजी लाई जा सके।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि कंपनी का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में तीन लाख से अधिक इकाइयों का निर्यात करना है। घरेलू बाजार में, कंपनी को उम्मीद है कि नई डिजायर के साथ यात्री वाहन बाजार के स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) की ओर बढ़ने के बीच सेडान बाजार में उसकी हिस्सेदारी बढ़ेगी।

## हीरो मोटोकॉर्प अपना ईवी कारोबार बढ़ाएगी

**मिलान (इटली)।** दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रही है और अगले कुछ महीनों में किफायती मॉडल पेश करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। दोपहिया वाहन बनाने वाली यह प्रमुख कंपनी यूरोप में भी अपनी उपस्थिति मजबूत करना चाहती है। कंपनी अगले साल ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन और इटली जैसे बाजारों में उतरना चाहती है। हीरो मोटोकॉर्प के सीईओ निरंजन गुप्ता ने 'ईआईसीएमए' के मौके पर पीटीआई-भाषा से अलग से बातचीत में कहा, "अगले छह महीनों में उत्पाद पोर्टफोलियो (ईवी खंड में) में बहुत सारी गतिविधियां होंगी।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.) जोन क्र. 10

क्रमांक 47/न.पा.नि./जोन-10/2024-25 — रायपुर, दिनांक 06/11/2024

### तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 10 में निम्न कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई हैः-

| Sr. No | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 160907 | जोन क्र. 10 अंतर्गत डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र. 52 में प्लेसमेंट एजेंसी माध्यम से 40 अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराये जाने बाबत। | 62.91 Lakh |

इस हेतु विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूटमेंट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-10
नगर पालिक निगम, रायपुर

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

### :: निविदा निरस्तीकरण आदेश ::

आदेश क्र. /5590/व. ले.लि. /2024-25 — कोटा, दिनांक 04.11.2024

निविदा सूचना क्र. 06/व.ले.लि. / 2024-25 दिनांक 10.10.2024 सिस्टम नं. 159760 (प्रथम आमंत्रण) "बेलपान टिकरी स्टॉप डेम का निर्माण कार्य अनुमोदित लागत राशि रू. 184.21 लाख की निविदा (जी नं. 2425013139 दिनांक 15.10.2024) एवं निविदा सूचना क्र. 07/ व. ले.लि. / 2024-25 दिनांक 10.10.2024 सिस्टम नं. 159762 (प्रथम आमंत्रण) "कठमुण्डा (पकरिया) एनीकट योजना का निर्माण कार्य" अनुमोदित लागत राशि रू.200.22 लाख की निविदा (जी नं. 2425013139 दिनांक 15.10.2024) तथा निविदा सूचना क्र. 09/ व.ले.लि./ 2024-25 दिनांक 14.10.2024 सिस्टम नं. 159780 (प्रथम आमंत्रण) "मंझगांव एनीकट - 02 योजना का निर्माण कार्य" अनुमोदित लागत राशि रू. 240.80 लाख की निविदा (जी नं. 242503184 दिनांक 16.10.2024) को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है ।

कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

G-242503648/1

## कार्यालय कलेक्टर, कबीरधाम (आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)

ई-मेल - actd. kabeerdham@nic.in

क्रमांक / 2707/EMRS / आजाक / 2024-25 — कबीरधाम, दिनांक 04/11/2024

### // निविदा निरस्तीकरण सूचना //

कार्यालयीन ज्ञापन क्रमांक / 1331 / EMRS / आजाक / 2024-25 कबीरधाम दिनांक 02.08.2024 के द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तरेगांव जंगल वि.खं. बोड़ला जिला कबीरधाम के संचालन हेतु सत्र 2024 - 25 हेतु पंजीकृत फर्मो / आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य सामग्री, सब्जी, फल मांसाहारी सामग्री, दैनिक उपयोग सामग्री, हेयर कटिंग, प्रदाय करने हेतु मुहर बंद निविदाएं दिनांक 23.08.2024 दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की गयी थी।

अतएव उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कबीरधाम

G-242503603/2

## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/ स्टोर/2024/3790 — कबीरधाम दिनांक 05/11/2024

### // निविदा निरस्तीकरण सूचना //

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय कबीरधाम का पत्र क्रं/निविदा/स्टोर/ 2024/ 3364 कबीरधाम दिनांक 04.10.2024 के अनुसार पौष्टिक भोजन व्यवस्था हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थानीय स्तर पर केवल कबीरधाम जिला में पंजीकृत फर्म/संस्था/ समुह से सील बंद निविदायें पंजीकृत डॉक के माध्यम से रेट कांट्रेक्ट के आधार पर निविदा आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणो से निरस्त किया जाता है ।

G-242502977

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय कबीरधाम छ.ग.

G-242503645/3

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक - 10. अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास

Email:- rmczone10@gmail.com

क्र. 676/ न.पा.नि./ जोन-10 /2024-25 — रायपुर, दिनांक 06.11.2024

### EXPRESSION OF INTEREST (3rd CALL)

Raipur Municipal Corporation invites sealed tenders from eligible vendors for the construction and maintence of a 6000 sq. Box Cricket Stadium in back of Fundahar ground of Babu Jagjeevan ram ward 53 under the annual licence fees model for 5 years The Project includes a 10X10 Kiosk, a prefabricated toilet and advertising rights on two mini unipoles The tender fee in Rs. 5000, and an EMD of Rs.1,00,000 is required detailed EOI documents can be obtained from the Town Planning Branch Room No.06 Raipur municipal Corporation Zone No. 10 The last date for Submission is 15-11-2024.

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

Zone Commissioner
Zone-10
Raipur Municipal Corporation

## कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय), बलौदाबाजार-भाटापारा

### // मुद्रण कार्य के लिए निविदा सूचना //

क्रमांक /110/ स्था.निर्वा./ न.नि./ आ.निर्वा. /2024 — बलौदाबाजार, दिनांक 25/10/2024

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में वर्ष 2024-25 में होने वाले नगरीय निकायों (नगरपालिका) के लिए मतपत्रों के मुद्रण स्थानीय स्तर पर किये जाने हेतु इच्छुक योग्य फर्मों से मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रूपये 100/- है) कलेक्टर कार्यालय से कार्यालयीन समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं कलेक्टर कार्यालय में दिनांक 14.11.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जाएंगी और उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।
2. मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।
3. निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) बलौदाबाजार एवं जिले के वेबसाईट http://balodabazar.gov.in एवं cg.nic.in/balodabazar से प्राप्त की जा सकती है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

उप जिला निर्वाचन अधिकारी
वास्ते - जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

G-242503635/5

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग राजनांदगांव वनमंडल राजनांदगांव कार्या. - 225059

सर्व साधारण सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजनांदगांव एवं खैरागढ़ वन मण्डल डिपो में उपलब्ध ईमारती/जलाऊ / बांस का निम्नानुसार नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक क्रेताओं से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से अथवा नीलाम के समय दी जा सकती है।

नीलाम स्थल :- अछोली काष्ठागार, नीलाम दिनांक - 18.11.2024 समय :- 9.00 बजे

डिपो का नाम :- अछोली, — वनमण्डल :- राजनांदगांव

| क्र. | प्रजाति | नये वनोपज | | | पुराने वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 1 | सागौन | 17.969 | 24 | 239 | 49.175 | - | 1441 | 67.144 | 24 | 1680 |
| 2 | बीजा | 0.332 | - | - | 10.066 | - | - | 10.398 | - | - |
| 3 | साजा | - | - | - | 2.489 | - | - | 2.489 | - | - |
| 4 | ह.मु.ख. | 0.761 | - | - | 2.259 | - | - | 3.020 | - | - |
| 5 | कसही | - | - | - | 8.141 | - | - | 8.141 | - | - |
| 6 | शिशु | 20.660 | - | - | - | - | - | 20.660 | - | - |
| 7 | नीलगिरी | 2.869 | - | - | - | - | - | 2.869 | - | - |
| 8 | अन्य | 122.095 | - | - | 8.150 | 90 | | 130.245 | 90 | - |
| | योग - | 164.686 | 24 | 239 | 80.280 | 90 | 1441 | 244.966 | 114 | 1680 |
| | (1) बम्लेश्वरी डिपो के औद्योगिक बांस 1 मी. 6.752 नो. टन | | | | | (2) अछोली डिपो के निरस्त जलाऊ चट्टे 10 पुराना | | | | |

काष्ठागार का नाम :- अस्थायी डिपो ठेलकाडीह, — वनमण्डल :- खैरागढ़

| क्र. | प्रजाति | नये वनोपज | | | पुराने वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 1 | सागौन | 130.000 | 114 | 699 | 41.279 | 0 | 942 | 171.279 | 114 | 1641 |
| 2 | बीजा, तिन्सा, शीशम | 107.000 | - | - | 81.896 | - | - | 188.896 | - | - |
| 3 | साजा, हल्दू, मुण्डी, खम्हार | 135.000 | - | - | 19.686 | - | - | 154.686 | - | - |
| 4 | धवड़ा | 40.000 | - | - | 4.400 | - | - | 44.400 | - | - |
| 5 | अन्य | 123.000 | - | - | 17.543 | - | - | 140.543 | - | - |
| | योग - | 535.000 | 114 | 699 | 164.804 | - | 942 | 699.804 | 114 | 1641 |
| | (1) ठेलकाडीह डिपो के व्यापारिक बांस मिश्रित साईज 24710 नग पुराना | | | | | | | | | |

टीप :- अछोली काष्ठागार का नीलाम सम्पन्न होने के पश्चात खैरागढ़ वनमण्डल का नीलाम प्रारंभ होगा ।
1. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लाट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1000 /- रूपये इसमें जो भी अधिक हो जमा करना अनिवार्य है । 2. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व चालू वर्ष का विनिर्माता / उपभोक्ता / व्यापारिक पंजीयन प्रमाण पत्र, GST कर एवं आयकर पेन कार्ड की छाया प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तत्पश्चात ही कार्य आदेश जारी किया जावेगा । 3. GST कर की राशि का भुगतान पृथक से "संबंधित वन मंडल अधिकारी" के नाम से बैंक ड्राफ्ट जो राजनांदगांव / खैरागढ़ में देय हो, तैयार कर प्रस्तुत करना होगा । 4. ई. एम. डी. में राष्ट्रीयकृत बैंकों के मल्टीसिटी चेक ऐसे समस्त राष्ट्रीयकृत बैंक जो कि संबंधित वनमण्डलाधिकारी के मुख्यालय पर स्थित हो, से संबंधित वनमण्डलाधिकारी के नाम पर जारी होगा, स्वीकार किया जावेगा, अन्य बैंकों का नहीं ।

वनमण्डलाधिकारी
राजनांदगांव वनमण्डल राजनांदगांव

G- 242503612/3

## राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छ.ग.)

पुजारी पार्क के पास, पुलिस लाईन कैम्पस टिकरापारा, रायपुर
टेलीफोन नं. 0771-3501122, फैक्स नं. 0771-3501121, ईमेल dir.sfslcg@gmail.com

क्रमांक/रा.न्या.वि.प्र./ राय. / निविदा / M- 4518/2024 दिनांक 05/11/2024

### Tender

राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छ.ग.) के भौतिकी शाखा के Questioned Documemt Lab हेतु निम्नांकित उपकरण का क्रय किया जाना है, जिसके लिए निविदा आमंत्रित किया जाता हैः-

निविदा जारी करने की तिथि - दिनांक 08.11.2024
निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि - दिनांक 20.12.2024 सायं 05:00 बजे तक
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 23.12.2024 दोपहर 03:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 23.12.2024 सायं 04:00 बजे

| S. No. | उपकरण का नाम | तादात |
|---|---|---|
| 01 | Video Spectral Comparator (V.S.C.) | 01 |

विस्तृत विवरण कार्यालय राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला टिकरापारा, पुजारी पार्क के पास रायपुर (छ.ग.) पिन कोड - 492001, दूरभाष (कार्यालय) 0771-3501122 कार्यालय के वेबसाईट www.fsl.cg.nic.in से आनलाईन आवेदन का विस्तृत जानकारी एवं निविदा फार्म प्राप्त (डाउनलोड) किया जा सकता है। निविदा फार्म संचालक, राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर के नाम किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट रू. 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) का बनवाकर प्राप्त (डाउनलोड) किया जा सकता है।

(संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित )

हेतु संचालक
राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला
रायपुर (छ.ग )

G-242503642/2

## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक / दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 160661 प्रथम आमंत्रण 28.10.2024 | सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल. के अंतर्गत जिला जांजगीर चांपा के बिर्रा हसौद डभरा मार्ग लंबाई 23.435 कि.मी. का उन्नयन एवं नवीनीकरण का शेष कार्य । | 865.21 |
| 2 | 160674 तृतीय आमंत्रण 28.10.2024 | राज्य कर (वाणिज्य) रायपुर संभाग क्रं - 1 सिविल लाईन रायपुर के मीटिंग हॉल के ऊपर अतिरिक्त कक्षों का निर्माण (द्वितीय एवं तृतीय तल में ऑफिस हॉल एवं रूम्स) कार्य विद्युतीकरण सहित । संभाग क्रं - 1 रायपुर । | 249.73 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 02 दिनांक 11.11.2024, सं.क्र. 01 दिनांक 20.11.2024 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

G-242503629/2

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.), फोन नं. 0771 - 4222611, 4222612
ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

### अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस

यतः बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार / जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों / जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. | शाखा का नाम /फोन नं. | उधारकर्ता / जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक / भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | शंकर नगर शाखा रायपुर 9752413462 | मेसर्स भारतीका माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड, निदेशकः श्रीमती योगेश्वरी आंचल, निदेशक : श्री गणेश कुमार यादव, सेक्टर- 29, एचआईजी-I /702, अटल नगर, नया रायपुर, रायपुर, छ.ग.- 492002 | साम्यिक बंधक परिवर्तित व्यावसायिक भूमि खसरा नं. - 35/8, क्षेत्रफल - 0.50 एकड़ (0.202 हेक्टेयर), मौजा- कैथ नवागांव, प.ह.नं.-15, आर.एन.एम.- खैरा सेतगंगा / सर्कल मुंगेली , ग्राम पंचायत सिल्ली , तहसील एवं जिला - मुंगेली , छ.ग. हैं जो श्रीमती योगेश्वरी आंचल पति श्री पुनदास आंचल के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर - मुंगेली पंडरिया मेन रोड, दक्षिण- दानकर्ता की शेष भूमि, पूर्व- दानकर्ता की शेष भूमि, पश्चिम- योगेश्वरी आंचल की भूमि. | 06.06.2024 रु. 25,82,700.99 + ब्याज + अन्य प्रभार 05.11.2024 सांकेतिक कब्जा |

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं।

दिनांकः07.11.2024, स्थानः रायपुर, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति चुने गए

भारत-अमेरिका के रिश्तों में काफी सुधार हुआ

आतंकवाद, अवैध घुसपैठ और चीन के बढ़ते वर्चस्व पर दोनों नेता एकमत

# पीएम नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त और ताकतवर नेता बता चुके, दोनों नेताओं के बीच दोस्ताना संबंध, भारत के साथ और मजबूत होंगे रिश्ते




डोनाल्ड ट्रंप और पीएम मोदी के बीच अच्छी केमेस्ट्री नजर आती है



ट्रंप लगातार पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते रहे हैं





"डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। पीएम मोदी ने उम्मीद जताई है कि ट्रंप के कार्यकाल में भारत-अमेरिका के संबंधों की नई ऊंचाई मिलेगी। ट्रंप कई मौकों पर पीएम नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बता चुके हैं। दोनों नेताओं के बीच केमेस्ट्री भी अच्छी नजर आती है। पिछले दो दशक से भारत-अमेरिका के रिश्तों में काफी सुधार हुआ है। यदि दोनों देशों के रिश्तों को देखें तो कई बातें सकारात्मक दिखाई देती हैं। ट्रंप की जीत के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग बढ़ेगा, आतंकवाद के खिलाफ साथ मिलेगा, भारत पर कनाडा और चीन का बढ़ता दबाव कम होगा।"

### रणनीतिक संबंध मजबूत होंगे

ट्रंप के पहले कार्यकाल को देखें तो उनका प्रशासन एशिया में भारत को बड़ी ताकत के रूप में सम्मान देता रहा। खासतौर पर चीन की चुनौती के समक्ष ट्रंप भारत से सहयोग की अपेक्षा करते रहे।

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। संसद के दोनों सदनों हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव (एचओआर) और सीनेट में भी डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को बढ़त मिली है। एचओआर में रिपब्लिकन पार्टी की 49 और डेमोक्रेटिक पार्टी की 28 सीटों पर जीत हुई है। इसके अलावा सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी को 43 और डेमोक्रेटिक पार्टी 34 सीटों पर जीत हासिल हुई है। उनके चुनाव पर पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। पीएम मोदी ने उम्मीद जताई है कि ट्रंप के कार्यकाल में भारत-अमेरिका के संबंधों की नई ऊंचाई मिलेगी। ट्रंप कई मौकों पर पीएम नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बता चुके हैं। दोनों नेताओं के बीच केमेस्ट्री भी अच्छी नजर आती है। पिछले दो दशक से भारत-अमेरिका के रिश्तों में काफी सुधार हुआ है। दोनों देशों के रिश्तों को देखें तो कई बातें सकारात्मक दिखाई देती हैं। ट्रंप की जीत के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग बढ़ेगा, आतंकवाद के खिलाफ साथ मिलेगा, भारत पर कनाडा और चीन का बढ़ता दबाव कम होगा। डोनाल्ड ट्रंप और पीएम मोदी के बीच काफी दोस्ताना संबंध रहे हैं। हाउडी मोदी के बाद ट्रंप 2020 की शुरुआत में भारत आए तो अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हजारों की भीड़ के बीच हुई उनकी सभा को देखकर वे हैरान रह गए थे। अमेरिका जाकर उन्होंने इसका खास उल्लेख किया। कुछ दिन पहले अमेरिका में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने मोदी की फिर तारीफ की।

## आतंक के खिलाफ मिलेगा साथ

ट्रंप आतंकवाद के खिलाफ काफी मुखर हैं। उन्होंने इस्लामिक आतंकवाद और जेहाद का बार-बार उल्लेख किया है। वे अमेरिका में मुस्लिम माइग्रेशन को खतरा बताते रहे हैं। भारत को पाकिस्तान प्रयोजित आतंकवाद के मामले में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अमेरिका का मुखर सहयोग मिलेगा। आतंकवाद पर भारत को अमेरिका का साथ मिलेगा। ट्रंप ने जम्मू कश्मीर में पुलवामा में हुए हमले की निंदा करते हुए भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया था।

## रक्षा क्षेत्र में सहयोग

ट्रंप की सरकार में भारत और अमेरिका के रक्षा संबंध और मजबूत हो सकते हैं। ट्रंप के शासनकाल में भारत के साथ हथियारों के निर्यात, संयुक्त सैन्य अभ्यास और तकनीकी हस्तांतरण की दिशा में तालमेल नजर आ सकता है। ट्रंप ने पिछले कार्यकाल में भारत के साथ बड़े रक्षा समझौते किए थे। ट्रंप के शासन में उम्मीद की जाना चाहिए कि भारत को अत्याधुनिक हथियारों की आपूर्ति में अमेरिका से सहयोग मिलेगा। ट्रंप के आने से क्वाड देशों को मजबूती मिलेगी।

## कनाडा पर बढ़ेगा दबाव

अमेरिका और कनाडा में खालिस्तानी गतिविधियां बढ़ने से पिछले दिनों भारत को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। न सिर्फ दो देशों के रिश्ते खराब हुए हैं, बल्कि भारतीय हिंदुओं की सुरक्षा में खतरे में आ गई है। चूंकि, कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो की नीतियां अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी से काफी मेल खाती हैं, ऐसे में उम्मीद करना चाहिए कि ट्रंप के आने से भारत को कनाडा पर दबाव बनाने में मदद मिलेगी।

## घुसपैठ पर एक सोच

अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर भी ट्रंप और मोदी एक ही सोच का प्रतिनिधित्व करते हैं। जहां अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप मेक्सिको से लगी सीमा पर दीवार बना रहे हैं। घुसपैठ को तो उन्होंने चुनाव में मुद्दा ही बनाया। वहीं भारत ने मोदी के दौर में सीएए और एनआरसी के जरिये घुसपैठ की समस्या को चुनौती दी है। यदि भारत कॉमन सिविल कोड के मुद्दे पर आगे बढ़ता है, तो ट्रंप का साथ मिलने की संभावना है।

### बांग्लादेश मामले में भारत का दिया साथ

बांग्लादेश में पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना को अपदस्थ करने के बाद वहां पर अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हुए हमलों की ट्रंप ने कड़े शब्दों में निंदा की थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जो बाइडेन की सरकार ने बांग्लादेश में तख्तापलट में पीछे से सहायता की थी। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि बांग्लादेश पर भी भारत का दबाव बढ़ेगा और वहां रह रहे अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा होगी, उन्हें पर्याप्त सुरक्षा भी मिलेगी।

### लेकिन, अमेरिका से चुनौतियां भी आएंगी

डोनाल्ड ट्रंप की नीतियां अमेरिका फर्स्ट की रही हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने की स्थिति में भारत की सबसे बड़ी चिंता उनके व्यापार और आव्रजन नीतियों को लेकर है। टैरिफ को लेकर संशय- ट्रंप के पहले शासनकाल में ही अमेरिका ने भारत के तरजीही व्यापार वाले देश के दर्जे को खत्म कर दिया था। ट्रंप ने चीन के खिलाफ टैरिफ युद्ध शुरू करने की धमकी दी है। ट्रंप भारत को टैरिफ का दुरुपयोग करने वाला देश बताया है।

## ट्रंप की ऐतिहासिक जीत पर कई देशों ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने ऐतिहासिक जीत हासिल कर ली है। उनकी जीत पर भारत सहित कई देशों ने बधाई दी है। भारत में पीएम मोदी के अलावा कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी ट्रंप को जीत की बधाई दी।

**साझा मूल्यों की रक्षा के लिए साथ**

ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने भी डोनाल्ड ट्रंप को जीत पर बधाई देते हुए कहा कि मैं आने वाले वर्षों में आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। सबसे करीबी सहयोगी के रूप में, हम स्वतंत्रता, लोकतंत्र और उद्यम के अपने साझा मूल्यों की रक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। विकास और सुरक्षा से लेकर नवाचार तक सहयोग करेंगे।



**दोनों देश साथ हैं**



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने लिखा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर हम दोनों देश साथ हैं।

### वैश्विक शांति के लिए काम करेंगे

खरगे ने कहा कि भारत और अमेरिका एक मजबूत व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों, समान हितों और लोगों के आपसी संबंधों पर आधारित हैं।



### यूएस के साथ खास रिश्ता

इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी ने डोनाल्ड ट्रंप को जीत की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा कि अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप को मेरी हार्दिक बधाई। यूएस के साथ खास रिश्ता है।




**अमेरिका में भारतवंशी रच रहे इतिहास**

## 6 भारतीयों ने प्रतिनिधि सभा का जीता चुनाव

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने जीत हासिल कर ली है। छह भारतीय अमेरिकियों ने प्रतिनिधि सभा का चुनाव जीता है, जिससे मौजूदा कांग्रेस में उनकी संख्या पांच से बढ़ गई है। वहीं भारतीय-अमेरिकी वकील सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया और पूरे पूर्वी तट से निर्वाचित होने वाले समुदाय के पहले व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। सुब्रमण्यन ने रिपब्लिकन पार्टी के माइक क्लैंसी को हराया। वह वर्तमान में वर्जीनिया राज्य के सीनेटर हैं। सुब्रमण्यम ने जीत हासिल करने के बाद कहा कि मैं सम्मानित और विनम्र महसूस कर रहा हूं कि वर्जीनिया के 10वें जिले के लोगों ने कांग्रेस में सबसे कठिन लड़ाई लड़ने और परिणाम देने के लिए मुझ पर भरोसा किया। यह जिला मेरा घर है। इस जिले की सेवा जारी रखना सम्मान की बात है। सुब्रमण्यम पहले राष्ट्रपति बराक ओबामा के व्हाइट हाउस सलाहकार के रूप में कार्यरत थे, वो आस्था से हिंदू हैं और देशभर में भारतीय अमेरिकियों के बीच लोकप्रिय हैं। वह कांग्रेस में 'समोसा कॉकस' में शामिल हो गए हैं। उनकी अमेरिकी संसद में एंट्री के साथ ही भारतीय अमेरिकी सांसदों के ग्रुप 'समोसा कॉकस' की संख्या 6 हो गई। जिसमें वर्तमान में पांच भारतीय अमेरिकी शामिल हैं। इन पांच भारतीयों में अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और थानेदार का नाम है। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्य प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुने गए। वहीं थानेदार मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार दूसरी बार फिर से चुने गए। उन्होंने इसे पहली बार 2023 में जीता था। वहीं राजा कृष्णमूर्ति ने इलिनॉयस के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट में लगातार पांचवीं बार जीत हासिल की। इसके बाद राजा कृष्णमूर्ति ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि इलिनोइस के 8वें जिले के लोगों ने कांग्रेस में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए मेरे अनुबंध को बढ़ा दिया है।



## ट्रंप जीते, 'ड्रीम टीम' में कई भारतवंशियों के नाम शामिल



डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद उनकी ड्रीम टीम' में कई भारतीय नाम भी हो सकते हैं। ट्रंप की टीम में उपराष्ट्रपति के तौर पर जेडी वेंस तो होंगे ही इसके अलावा एलन मस्क, केनेडी जूनियर, तुलसी गबार्ड, विवेक रामास्वामी और निकी हेली जैसे चेहरे शामिल हो सकते हैं। माना जा रहा है कि उद्योगपति एलन मस्क उनकी कोर टीम का हिस्सा होंगे। मस्क खुद अपनी भूमिका को लेकर सार्वजनिक तौर पर कई बार टिप्पणी कर चुके हैं।

**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म**

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रंप सरकार में अपनी संभावित भूमिका को लेकर कहा था कि वह बड़े रिफॉर्म्स का हिस्सा होंगे। वहीं ट्रंप अपने सहयोगी एलन मस्क को सरकारी खर्च में कटौती करने वाले विभागों की जिम्मेदारी सौंपना चाहते हैं।

**काफी योग्य शख्सियत**

### निकी हेली

ट्रंप ने कहा था कि बहुत से मुद्दों पर निकी और उनकी राय मिलती-जुलती है और वह काफी योग्य शख्सियत हैं। निकी हेली का जन्म भारत से अमेरिका में बसे पंजाबी सिख परिवार में हुआ था और जन्म के वक्त उनका नाम निम्रता निकी रंधावा रखा गया था।

**ट्रंप का समर्थन किया**

### रामास्वामी

भारतीय मूल के रिपब्लिकन नेता और उद्योगपति विवेक रामास्वामी भी ट्रंप की टीम का अहम हिस्सा हो सकते हैं। उन्होंने ट्रंप की दावेदारी का समर्थन करते हुए अपना नाम वापस ले लिया था। ट्रंप, उन्हें अपनी कैबिनेट में जगह देना चाहते हैं।

---

अजित पवार को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

## घड़ी चुनाव चिह्न को लेकर 36 घंटे के अंदर जारी करें डिस्क्लेमर

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**







सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महाराष्ट्र में एनसीपी के चुनाव चिह्न 'घड़ी' को लेकर चल रहे विवाद में अजित पवार गुट को निर्देश दिया कि वह मराठी समेत प्रमुख समाचार पत्रों में एक डिस्क्लेमर प्रकाशित करें, जिससे यह स्पष्ट हो कि घड़ी चुनाव चिन्ह का मामला फिलहाल अदालत में विचाराधीन है। कोर्ट ने कहा कि यह डिस्क्लेमर अगले 36 घंटे के भीतर प्रकाशित होना चाहिए, ताकि जनता आसानी से और जल्दी समझ सके। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई 13 नवंबर को निर्धारित की है।

अजित पवार गुट के वकील, वरिष्ठ अधिवक्ता बलबीर सिंह ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि अगले 36 घंटे में मराठी भाषा में प्रमुख समाचार पत्रों में डिस्क्लेमर प्रकाशित कर दिया जाएगा, ताकि मतदाताओं तक व्यापक स्तर पर जानकारी पहुंच सके।

डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी ने पेश किया प्रस्ताव

## धारा 370 बहाली का प्रस्ताव पास, जमकर मचा बवाल, भाजपा ने फाड़ी कापी, कांग्रेस रही खामोश

**एजेंसी ▸▸ जम्मू**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आर्टिकल 370 वापसी का प्रस्ताव पास हो गया है। इस दौरान विधानसभा में नेशनल कांफ्रेंस (सत्ता पक्ष) और विपक्ष भाजपा के विधायकों के बीच जमकर हंगामा हुआ। भाजपा विधायकों ने आर्टिकल 370 के प्रस्ताव की कॉपी विधानसभा में ही फाड़ दी। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में पहली सरकार बनाने वाली नेशनल कांफ्रेंस ने अनुच्छेद 370 की बहाली की मांग का प्रस्ताव आज विधानसभा में पारित कर दिया। भाजपा सदस्यों ने इसका जबरदस्त विरोध किया जबकि नेकां सरकार को समर्थन देने वाली कांग्रेस के सदस्य इस पर खामोश रहे। दूसरी तरफ एनसी, पीडीपी और कांग्रेस अवामी इत्तेहाद पार्टी पीपल्स कांफ्रेंस के विधायक बिल के समर्थन में हैं।



### प्रस्ताव पेश होने पहले भाजपा का विरोध

नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा वापस देने की मांग वाला प्रस्ताव सदन में पेश करने पर जोर दिया, जिसका बीजेपी के विधायकों ने विरोध किया था। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच में जोरदार बहस हुई। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों के रुख से नाराज बीजेपी विधायकों ने प्रस्ताव की प्रतियां सदन में फाड़ कर हवा में फेंक दी।

### चार नवंबर को सदन में पेश किया था प्रस्ताव

दरअसल, जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार (4 नवंबर 2024) को पीडीपी विधायक वहीद पारा ने धारा 370 को समाप्त करने के खिलाफ एक प्रस्ताव सदन में पेश किया था। विधायक वहीद पारा ने यह प्रस्ताव नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता और सात बार के विधायक अब्दुल रहीम राथर को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की विधानसभा का पहला अध्यक्ष चुने जाने के तुरंत बाद यह प्रस्ताव पेश किया था। पीडीपी विधायक ने अपने प्रस्ताव में जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा फिर से बहाल करने की मांग है। इस बात को लेकर कल भी हंगामा हुआ था।

महाराष्ट्र के वाशिम में बोले सीएम योगी

## 'अयोध्या के बाद अब हम बढ़ चुके काशी और मथुरा की तरफ

**एजेंसी ▸▸ वाशिम**



महाराष्ट्र के मुस्लिम बहुल इलाके वाशिम में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या, काशी और मथुरा का जिक्र किया। योगी ने कहा कि ये तो शुरूआत है, केवल अयोध्या ही नहीं, अब तो हम काशी और मथुरा की तरफ भी बढ़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में अभी भगवान राम ने दिवाली का आनंद लिया है। पूरी दुनिया ने देखा कैसे अयोध्या दीपों से जगमगा रही थी। इसके साथ ही योगी ने फिर कहा कि बंटिए मत, क्योंकि जब भी बंटे थे तो कटे थे। एक हैं तो नेक हैं, एक हैं तो सेफ हैं। अपनी ताकत का एहसास करवाइए, जातियों में मत बंटना। सीएम योगी ने आगे कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में दो गठबंधन लड़ रहे हैं. कांग्रेस का महाअघाड़ी और बीजेपी का महायुति। कांग्रेस और उसके साथी दलों का गठबंधन महाअघाड़ी नहीं बल्कि महाअनाड़ी गठबंधन है।


## चैंपियंस लीग : चार मैचों में चार जीत के साथ शीर्ष पर लिवरपूल

# रियल मैड्रिड और सिटी की बड़ी हार डियाज़ की हैट्रिक से जीता लिवरपूल

एजेंसी ▶▶| मिलान

यूरोप की चोटी की टीमों रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी दोनों को चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड को एसी मिलान ने अपने घरेलू मैदान पर 3-1 से हरा दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी को एर्लिंग हालैंड की पेनल्टी में चूक महंगी पड़ी और चौथे मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद उसे पुर्तगाल की टीम स्पोर्टिंग लिस्बन में 4-1 से हार झेलनी पड़ी।

लिवरपूल के लिए यह शानदार दिन था जिसने लुइस डियाज़ की हैट्रिक और कोडी गाकपो गोल की मदद से एनफील्ड में खेले गए मैच में जर्मन चैंपियन बायर लेवरकुसेन पर 4-0 से जीत दर्ज की। लिवरपूल चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद स्पोर्टिंग और मोनाको का नंबर आता है जिनके तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद समान 10 अंक हैं।



### रियल की शर्मनाक हार

पंद्रह बार के चैंपियन रियल मैड्रिड का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह अपने दूसरे मैच में लिली से हार गया था। मलिक थियाव ने 12वें मिनट में मिलान को बढ़त दिला दी थी। विनीसियस जूनियर ने 23वें मिनट में पेनल्टी पर बराबरी का गोल किया। इसके बाद अल्वारो मोराटा और तिजानी रिजेंडर्स ने मिलान के लिए गोल किए। अन्य मैचों में जर्मन फारवर्ड निकोलस कुह्न के दो गोल की मदद से सेल्टिक ने घरेलू मैदान पर लीपजिग को 3-1 से हराया जबकि युवेंटस ने लिली के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला।

## रोनाल्डो के गोल से अल नासर की बड़ी जीत

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। एंडरसन तालिस्का ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद ही अल नासर की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद रोनाल्डो ने आधे घंटे के अंतराल के ठीक बाद इस सत्र में प्रतियोगिता में अपना दूसरा गोल किया। फैबियो कार्डोसो के आत्मघाती गोल से सऊदी अरब की टीम ने मध्यांतर तक 3-0 की बढ़त बना दी। वेस्ले और तालिस्का ने दूसरे हाफ में अल नासर के लिए गोल किए।

## मनदीप बने वर्ल्ड चैंपियन जीता डब्लूबीएफ खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने केमैन आइलैंड में ब्रिटेन के कोनोर मैकिन्टोश को हराकर विश्व मुक्केबाजी महासंघ का सुपर फेदरवेट विश्व खिताब जीता। पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर से प्रशिक्षण लेने वाले 31 वर्षीय जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अब तक केवल एक हार का सामना किया है।



## जलज 400 विकेट और 6000 रन बनाने वाले पहले रणजी क्रिकेटर

**थुम्बा।** घरेलू क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी जलज सक्सेना रणजी ट्रॉफी के इतिहास में 400 विकेट और 6000 रन की उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस 37 वर्षीय स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर ने पिछले सप्ताह बंगाल के खिलाफ 84 रन की पारी खेलकर 6000 रन का आंकड़ा पार किया था। उन्होंने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया और 17 ओवर में 56 रन देकर पांच विकेट चटकाकर 400 विकेट का आंकड़ा पार किया। उनके इस प्रयास से केरल ने उत्तर प्रदेश को 60.2 ओवर में 162 रन पर समेट दिया। बासिल थम्पी ने 18 रन देकर दो विकेट झटके। जवाब में केरल ने स्टंप तक दो विकेट गंवाकर 82 रन बना लिए जिससे वह उत्तर प्रदेश से 80 रन से पीछे है।









**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा - 9785823333, ग्रैंड होंडा - 0771-4033794, वरूण होंडा - 0771-4005901, जी.के. होंडा - 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा - 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाउस): 0788-4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) - 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) - 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) - 0788-4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) - 0788-4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) - 0788-4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा - 07744-223100, मनराज होंडा - 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा - 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा - 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)- 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा - 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा- 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा - 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा- 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा - 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा- 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा - 8720008800, 7970005301

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com

Embassy






# उप राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ के 36 अलंकरण से विभूतियों एवं संस्थाओं को किया सम्मानित

रायपुर। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के राज्य अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ के 36 अलंकरण से विभिन्न क्षेत्रों से उत्कृष्ट योगदान देने वाले 37 विभूतियों एवं 4 संस्थाओं को सम्मानित किया। राज्यपाल रमेन डेका ने समारोह की अध्यक्षता की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहे। राजधानी नवा रायपुर में राज्योत्सव के तीसरे दिन राज्य की महान विभूतियों के नाम से अलंकरण प्रदान करने समारोह का आयोजन किया गया।



















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com